हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

12 लगातार बारिश व सूखानाला और घूमरिया जलाशय ...



14 दुर्ग केंद्रीय जेल में कैदी की मौत, परिजनों ...





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26

प्रवेश प्रारंभ
श्रेयस (प्रा.) I.T.I.
Affiliated By : NCVT & DGET)
New Delhi (Govt. of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राइवेट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
अनुभवी प्रशिक्षक
पता: ग्राम व पोस्ट ढौर (जामुल), जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9479207995, 9993776717, 9755112637


## रोज की तरह दुर्ग से रायपुर ड्यूटी जा रहे थे

# दुर्ग रेलवे स्टेशन पर दर्दनाक हादसा, ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर पटरी पर गिरने से अधिकारी की मौत

### ओरिएंटल इंश्योरेंस के थे क्षेत्रीय प्रबंधक, प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसे में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक की मौत हो गई। ट्रेन में चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वे पटरी पर गिर पड़े, जिससे उनका पैर कट गया और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप कुमार सिन्हा (58 वर्ष) निवासी वार्ड-58, साईं मंदिर



के पास, कर्मचारी नगर दुर्ग, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उनका कार्यालय रायपुर में था और वे प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह भी ट्रेन से रायपुर जाने के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वे ट्रेन क्रमांक 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर उनका पैर फिसल गया और वे ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच पटरी पर जा गिरे। हादसे में उनका दाहिना पैर कट गया। गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्टेशन प्रशासन मौके पर पहुंचा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस हादसे के बाद स्टेशन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## खबर संक्षेप

### युवक पर जानलेवा हमला

**भिलाई।** पुलगांव थाना अंतर्गत चौकी जेवरा सिरसा पुलिस ने तालाब किनारे एक युवक पर धारदार हथियार से हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार घटना 21 जुलाई की शाम करीब 6 बजे ग्राम जेवरा स्थित तालाब किनारे की है। प्रार्थी परमेश्वर ढीमर अपने साथियों के साथ वहां बैठा था। इसी दौरान ग्राम जेवरा निवासी दुलेश्वर टंडन उर्फ दुलरवा (23 वर्ष) वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब परमेश्वर ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी भड़क गया और मारपीट कर दी थी।

# विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार व मारपीट के आरोपों से घिरी प्रधानपाठिका निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा का प्रयोग और मारपीट के आरोप पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतोरा की प्रधान पाठक ममता शांडिल्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग ने की है। विद्यार्थियों ने पिछले दिनों इस मामले को लेकर कलेक्टर से शिकायत की थी और डीईओ कार्यालय पहुंचकर अपना विरोध व्यक्त किया था। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग अरविंद मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की थी।जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन, दस्तावेजों और गवाहों के बयानों के आधार पर शिकायत सही पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि प्रधान पाठक के व्यवहार से विद्यालय की छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया था। अरविंद मिश्रा ने बताया कि जांच समिति में बीईओ पाटन ढालेंद्र देवांगन, एडीओपी हेमलता बंजारे एवं एनआईएस प्रशासक शिवम कटारे शामिल किए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की गई। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. केवीके राव ने आदेश में कहा है कि सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन है और गंभीर कदावार की श्रेणी में आता है। नियम, 1966 के तहत ममता शांडिल्य को निलंबित कर दिया है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

**द्वितीय चरण**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **द्वितीय चरण सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (Dialysis) डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| रायपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरायपाली | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| धमतरी | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| जगदलपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| बीजापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| कांकेर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| अंबिकापुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |
| सूरजपुर | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें | 40 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक | विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है |

नोट :-
1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे | साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे | (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा |
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे |
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है |
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है | अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि दें |

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 20.08.2026 तक |
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-25.08.2026 तक |

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, प्रथम तल, मेहर हाइट्स, यश बिग बाजार एवं एसबीआई बैंक के पास, राज किशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ |
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)




# बारिश में ट्विनसिटी के अंडरब्रिजों में जलजमाव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## प्रियदर्शनी ब्रिज बन जाता है स्वीमिंग पूल, आवागमन हो जाता है बंद




प्रियदर्शनी परिसर सुपेला अंडरब्रिज सहित ट्विनसिटी के चार अंडरब्रिज बारिश के शुरुआती दौर में ही वाहनचालकों के लिए परेशानी ही नहीं बल्कि मुसीबत बन गए हैं। हर साल जलजमाव की विकट समस्या के बाद भी विकास का दावा करने वाले नगर निगम और जनप्रतिनिधि निदान को लेकर उदासीन और बेबस बने हुए हैं। शहरवासियों को अब इस बात की चिंता सता रही है कि जब वर्षा के आरंभ में यह स्थिति है तो फिर आगे तीन महीने के दौरान कितनी परेशानी होगी।

चारों अंडरब्रिजों के निर्माण में टेक्निकल फाल्ट होने से हर साल जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। भिलाई में चंद्रामौर्या अंडरब्रिज, प्रियदर्शनी अंडरब्रिज का निर्माण करीब पंद्रह साल पूर्व किया गया था। वहीं नेहरुनगर व दुर्ग के रायपुर नाका अंडरब्रिज का निर्माण दो साल पूर्व किया गया है। रेलवे द्वारा नगर निगम व बीएसपी के सहयोग से निर्मित यह अंडरब्रिज निर्माण के बाद पहली बारिश के समय से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सबसे ज्यादा समस्या प्रियदर्शनी परिसर व चंद्रामौर्या ब्रिज में बनी हुई है। दोनों अंडरब्रिजों में लगातार दो घंटा बारिश होने पर जलभराव होने से आवागमन बंद या बाधित हो जाता है।

इस कारण वाहनचालकों को पावरहाउस ओवरब्रिज से घूमकर जाना पड़ता है, जिस कारण दो किमी का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। वाहनचालकों ने बताया कि भिलाई इंजीनियरों व अनुभवी व जागरुक जन प्रतिनिधियों का शहर होने के बाद भी चारों ब्रिजों के टेक्निकल फाल्ट को सालों बाद भी दूर नहीं किया जा सका है। बारिश के मौसम में 4 महीने सभी जलजमाव व लोहे की जालियों के उभरने से आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा भी



बना रहता है। रायपुर नाका दुर्ग में भी जलभराव की समस्या बनी रहती है।

### स्वीमिंग पूल बन जाते हैं दो ब्रिज



पिछले करीब पंद्रह साल से चंद्रामौर्या व प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज बरसात के मौसम में 4 महीने वाहनचालकों के लिए परेशानी और जिम्मेदार एजेंसियों के लिए चुनौती बने हुए हैं। हर साल दोनों ब्रिजों में अधिक वर्षा होने पर 3 से 6 फीट पानी भर जाता है। मौर्याब्रिज में हर साल निगम द्वारा मोटरपंप लगाकार पानी निकालनी की रस्मअदायगी बाद वर्तमान में सड़क की ऊंचाई बढ़ाने संधारण कार्य करवा रहा है। लेकिन प्रियदर्शनी ब्रिज लाइलाज बना हुआ है। यहां कम जलभराव होने पर दोपहिया व कारचालक जब गुजरते हैं तो बीच में इंजिन में पानी भर जाने से वाहन रुक जाते हैं। बच्चे दस बीस रुपए लेकर कार को धक्का देकर आग निकालते हैं। रहवासियों ने बताया कि ऊपर ट्रैक से नीचे शावर की तरह गंदा पानी गिरता रहता, जिससे कपड़े खराब हो जाते हैं। रात में घुप्प अंधेरे व सड़क जर्जर होने से आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वैच्छिक रक्तदान अभियान को लेकर बैठक कल

**दुर्ग।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और नियमित रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 25 जुलाई को सुबह 11 बजे कला मंदिर, सिविक सेंटर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अभिजीत सिंह करेंगे। बैठक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों, शैक्षणिक संस्थानों, पुलिस एवं अर्धसैनिक बल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी संघ, औद्योगिक संस्थानों, राजनीतिक दलों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, दुर्ग भिलाई प्रेस क्लब के समस्त सदस्य को आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थाओं एवं नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है।

### 28 छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल

**अण्डा।** ग्राम कोलिहापुरी स्थित शासकीय हाई स्कूल में मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वीं की 28 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा, सरपंच ईश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्की मिश्रा, योगेन्द्र दुबे, संजय साहू, अशोक दिल्लीवार, प्रताप साहू, केशव साहू, उमेश साहू, जुगल साहू, श्री ओमकार निषाद, ललित साहू, गणेश निर्मलकर तथा विद्यालय की प्राचार्य संगीता नायर सहित विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 409.5 मि.मी. औसत बारिश

# लगातार बारिश व सूखानाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ा, महमरा एनीकट 4 फीट ऊपर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश और राजनांदगांव, मोहला मानपुर जिले के जलाशयों से पानी छोड़े जाने से शिवनाथ नदी ऊफान पर आ गया है। सूखा नाला और घूमरिया जलाशय से 3282 क्यूसेक पानी छोड़ने के बाद शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर पानी 4.6 फीट ऊपर बहने लगा है। वहीं जिले में अब तक 409.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। जिससे खेती किसानी का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता धान अंकुरण की थी और पर्याप्त पानी नहीं होने की वजह से धान की नर्सरी नहीं लगा पा रहे थे। ये दोनों की काम अब हो रहे हैं। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में मानसूनी बारिश का सिस्टम पूरी तरह सक्रिय होने की वजह आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि और चलने की संभावना जताई है।

### पिछले साल की अपेक्षा 3 मिमी औसत वर्षा है कम

जिले में 1 जून 2026 से 23 जुलाई तक 409.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले साल 23 जुलाई 2025 तक 406 मिलीमीटर औसत बारिश हुई थी। इस हिसाब से महज 3 मिमीमीटर औसत बारिश की कमी है। इस तरह पिछले दिनों लगातार हो रही बारिश से जिले में बारिश की स्थिति सुधरी है।

### बोरी तहसील में सबसे ज्यादा बारिश

कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 508.6 मिमी तहसील बोरी तहसील में तथा न्यूनतम 269.6 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 463.7 मिमी, तहसील पाटन में 501.2 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 388.3 मिमी और तहसील अहिवारा में 325.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 23 जुलाई 2026 को तहसील दुर्ग में 16.1 मिमी, तहसील धमधा में 5.5 मिमी, तहसील पाटन में 32.7 मिमी, तहसील बोरी में 7.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 11.5 मिमी और तहसील अहिवारा में 5.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### पूर्व पश्चिमी हवा के प्रभाव से बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक पूर्व-पश्चिम हवा का शियर जोन 23 डिग्री उत्तर में उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 4.5 किलोमीटर से 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं मानसूनी द्रोणिकाएं भी सक्रिय है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, दमोह, डालटेनगंज, कोण्टई और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है तथा यह 3.1 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। 24 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## तीन निगमों में पेयजल सप्लाई बंद

# जलकुंभी फंसने से भिलाई-दुर्ग में पेयजल आपूर्ति प्रभावित




**भिलाई।** शिवनाथ नदी इंटकवेल में जलकुंभी और कचरा फंसने की वजह से तीन निगमों में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो गई है। दुर्ग, भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ा। इस इंटकवेल से ही तीनों निगम क्षेत्रों की प्रमुख पानी टंकियां भरी जाती है। इन टंकियों से पानी की सप्लाई विभिन्न वार्डों में स्थित पानी टंकियों में जाता है। यहां से पानी नलों में मिलता है। भिलाई निगम के 70 वार्ड हैं। जिसमें से टाउनशिप के 24 वार्डों में बीएसपी वाटर प्लांट से पानी सप्लाई करती है। शेष 46 वार्डों में पेयजल सप्लाई न सुबह हो पाई और न ही शाम पाली में। रिसाली निगम में कुल 40 वार्ड हैं। इनमें से 7 वार्डों में पानी सप्लाई बीएसपी करती है। शेष 33 वार्डों में से दो वार्ड पुरैना और डुंडेरा में मोरिद जलाशय से पानी आता है। इस तरह बचे हुए 31 वार्डों में पानी की सप्लाई भिलाई निगम के 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से होता है। लेकिन इस संयंत्र में शिवनाथ नदी से पानी नहीं मिला। इसी प्रकार दुर्ग शहर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। सिकोलभाठा, हनुमान नगर और पोटिया टंकी में पानी ही नहीं भर पाया, जहां भरा, वहां भी दोपहर आपूर्ति हो पाई। पटरीपार क्षेत्र में देर शाम तक पेयजल आपूर्ति की गई। इस प्रकार दो दिन से पेयजल सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है। इस बीच दुर्ग निगम के जलकार्य विभाग ने पैनल मेंटेनेंस का भी काम किया।

# शिवम विहार कॉलोनी से मां काली मंदिर तक जलभराव और कीचड़ से रहवासीयों परेशान, सड़क बनाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम क्षेत्र कोहका के अंतर्गत वार्ड नंबर 12, अवंती बाई चौक से सिरसा रोड के मध्य मुख्य मार्ग से लगी कॉलोनी शिवम विहार से माँ काली मंदिर तक के पहुंच मार्ग के बीच समस्त कॉलोनी जहां पर लगभग 100 से डेढ़ सौ परिवार निवासरत हैं। रहवासियों ने कॉलोनी के मुख्य पहुंच मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने की मांग की है।

इसे लेकर उन्होंने कलेक्टर अभिजीत सिंह और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने कहा कि वर्षों से कॉलोनी तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग कच्चा होने के कारण बारिश के मौसम में पूरी तरह कीचड़ और जलभराव से भर जाता है। इससे प्रतिदिन स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, मरीजों एवं नौकरीपेशा लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जल भराव के कारण पानी दूषित होने से हमेशा डेंगू वह मलेरिया जैसी बीमारियों की हमेशा शंका बनी रहती है। रहवासियों के अनुसार कई बार दोपहिया वाहन फिसलने से दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जलभराव के कारण एम्बुलेंस, स्कूल बस, अग्निशमन वाहन तथा अन्य आवश्यक सेवाओं का कॉलोनी तक समय पर पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। बरसात के दिनों में कॉलोनी का संपर्क मार्ग बदहाल होने से नागरिकों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है।

- स्थानीय लोगों ने निगम आयुक्त और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जबकि उक्त कॉलोनी का मुख्य मार्ग संरचना, निर्माण के लिए माननीय आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित हो चुकी हैऔर मार्ग संरचना का नक्शा भी पास हो चुका है परंतु निर्माण अभी तक नहीं हुआ यहां पर निर्माण हो चुके कम से कम 100 डेढ़ सौ मकान हैं।

इनमें कई मकान का नियमितिकारण भी हो चुका है। नगर निगम में इस कॉलोनी को वैध घोषित कर मार्ग मार्ग संरचना का अनुमोदन भी 2 साल पहले हो चुका है। कॉलोनीवासियों ने वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन को भी ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मुख्य पहुंच मार्ग का तत्काल सर्वे कराया जाए। लोगों को सामने आ रही परेशानी का निराकरण किया जाए।

## संवरेगा पालिका का मुख्य गार्डन, किया पूजन

**जामुल।** नगर पालिका जामुल का मुख्य गार्डन अब शीघ्र की संवरेगा। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने शिवपुरी स्थित गार्डन को सवारने के लिए स्थल पूजन किया। ठाकुर ने बताया कि वार्ड-18 शिवपुरी के इस गार्डन के संवरने से पूरे नगर वासियों को एक भव्य एवं मनोरम स्थल मिलेगा। यह जामुल का एक महत्वपूर्ण उद्यान है। जहां बच्चे, युवावर्ग, बुजुर्गगण सुबह शाम यहां नियमित रूप से सैर करने आते हैं। स्थल पूजन के अवसर पर वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पार्षदगण चूम्मन वर्मा, दीपक गुप्ता, रामदुलार साहु, युवा नेता ईश्वर उपाध्याय, प्रतीक अग्रवाल, बाली बर्मन आदि मौजूद थे।

## नाटकीय घटनाक्रम

# अलसुबह ही 13 अतिथि शिक्षक पदाधिकारी हिरासत में, शाम को आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



23 दिन से दुर्ग शिक्षा विभाग के सामने आंदोलनरत अतिथि शिक्षकों का आंदोलन नाटकीय घटनाक्रम के बाद और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। दरअसल प्रशासन ने जेआरडी स्कूल की पढ़ाई प्रभावित होने की वजह से आंदोलनरत शिक्षकों को अल्टीमेटम दिया था कि वे गुरुवार को न बैठे।

- शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त की घोषणा

वहीं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने दो दिन पहले ही आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को वे सरकार के समक्ष रखेंगे। संघ के पदाधिकारी रायपुर चले गए और बुधवार की देर रात लौटे। पुलिस ने तीन पदाधिकारी राज यादव, धमेंद्र वैष्णव और अविनाथ मिश्रा को भिलाई के होटल से हिरासत में ले लिया। वें यहां बाहर से आकर आंदोलन को रूप दे रहे थे। महिला पदाधिकारियों ने उनके निवास से पुलिस पकड़ कर ले आई और उन्हे सेंट्रल जेल में बिठा दिया। जब शिक्षकों को इसकी जानकारी हुई तो वे आंदोलन स्थल पहुंचे और हड़ताल पर बैठ गए। पुलिस ने यहां से पंडाल बुधवार की रात को ही हटा लिया था। शाम 5 बजे आंदोलन का नेतृत्व करने वाले 13 पदाधिकारियों को रिहा किया गया।

### निलंबित करने डीपीआई ने जारी किया आदेश

अतिथि शिक्षकों को निलंबित करने के लिए डीपीआई ने आदेश भी जारी कर दिया। आदेश में शिक्षकों को अपने स्कूलों में पहले 22 जुलाई तक ज्वाइनिंग करने कहा गया था लेकिन आंदोलन जारी रहा। उसके बाद नए आदेश में 27 जुलाई तक ज्वाइनिंग नहीं करने पर निलंबित करने का आदेश जारी किया गया है। इसलिए भी आंदोलनरत शिक्षकों पर दबाव बढ़ा।

### आंदोलन समाप्त करने की घोषणा

अतिथि शिक्षकों को जेआरडी स्कूल के सामने से हटाने के बाद अतिथि शिक्षक गोंडवाना भवन के पास पहुंचे। यहां संघ के संरक्षक धमेंद्र वैष्णव, राज यादव ने बैठक ली और आंदोलन शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर समाप्त करने की घोषणा की। अतिथि शिक्षक नियमितीकरण, संविलियन, समान कार्य के लिए समान वेतन और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर पिछले धरना.प्रदर्शन कर रहे थे।

### कांग्रेस ने पैदल मार्च कर किया समर्थन

दुर्ग में अतिथि शिक्षकों की मांगों के समर्थन में कांग्रेस सड़क पर उतर आई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव चौक से पैदल मार्च निकालकर हड़ताली अतिथि शिक्षकों का समर्थन किया। इस दौरान सरकार से शिक्षकों की मांगें तत्काल मानने की अपील की गई। मार्च के बाद कांग्रेस नेताओं ने धरनास्थल पहुंचकर अतिथि शिक्षकों से मुलाकात की और उनके आंदोलन को अपना समर्थन दिया। बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि भारी बारिश के बीच पुलिस प्रशासन द्वारा शिक्षकों के साथ किया जा रहा व्यवहार संवेदनहीन और दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार अतिथि शिक्षकों की मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तो आंदोलन को और व्यापक समर्थन दिया जाएगा।

# घर में लगी भीषण आग, दमकल ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के ग्राम अछोटी में बुधवार शाम एक मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा की दो दमकल टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जिला सेनानी और अग्निशमन अधिकारी दिनेश राउटे के अनुसार 22 जुलाई को शाम करीब 7.44 बजे ग्राम अछोटी निवासी रामचरण के मकान में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दुर्ग अग्निशमन कार्यालय से दमकल वाहन रवाना किए गए। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि मकान से भीषण आग की लपटें उठ रही थीं और आग तेजी से फैल रही थी। अग्निशमन कर्मियों ने लगातार प्रयास कर आग को आसपास के मकानों और अन्य क्षेत्रों तक फैलने से रोक दिया। करीब 4 घंटे बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि आग से हुए संपत्ति नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है।

# पौधारोपण कर लिया सुरक्षा का संकल्प



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग की एनसीसी इकाई द्वारा डॉ. आस्था चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों द्वारा वृहत स्तर पर पर्यावरण महत्व के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कैडेटों ने अपने द्वारा रोपित पौधो के संरक्षण और देखभाल का संकल्प भी लिया गया। एक अन्य पहल के तहत विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कुथरेल में कम्युनिटी सर्विस उपक्रम के अंतर्गत कम्युनिटी मेडिएशन पर ग्रामीणों के साथ एक सत्र आयोजित किया गया। इसमें संपदा बैंस, सरिता गुप्ता व छात्रों ने ग्रामवासियो को सामुदायिक मध्यस्थता, उसके महत्व और उपयोगिता पर शिक्षित व जागरूक करने का प्रयास किया। उल्लेखनीय है कुलपति डॉ. बीएन तिवारी तथा कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र स्वर्णकार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय परिवार इस तरह के उपक्रम के समग्र रूप से सतत प्रतिबद्ध है।

- भारती विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन

## नए ट्रैफिक एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण करते ही ली समीक्षा बैठक

# जाम व सड़क हादसों पर सख्ती, नए यातायात एएसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात कौशलेंद्र देव पटेल ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने जिले की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के संकेत दिए हैं। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने यातायात विभाग के सभी जोन प्रभारियों, टैंगो टीम और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर मौजूदा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में एएसपी पटेल ने सभी जोन प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने और प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त मार्गों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बनने दी जानी चाहिए। नवपदस्थ एएसपी ने सुबह और शाम के पीक ऑवर के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त चौराहों पर यातायात का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। बैठक में शाम के समय बाजारों में बढ़ने वाले यातायात दबाव को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बाजार क्षेत्रों में प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

### पीक ऑवर में विशेष निगरानी और सड़क सुरक्षा पर दिया जोर



### सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता

"दुर्ग जिले में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित करना प्राथमिकता होगी। यातायात पुलिस आम नागरिकों की सुविधा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।
-कौशलेंद्र देव पटेल, एएसपी, ट्रैफिक

### अनुशासन और जवाबदेही पर जोर

कौशलेंद्र देव पटेल ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहने तथा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीमवर्क और बेहतर समन्वय के साथ काम करने पर भी जोर दिया। बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने तथा यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर विशेष बल दिया गया। साथ ही जनजागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### सी-मार्ट के पास गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला को 1.250 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से गांजा और बिक्री की नकदी सहित कुल 67,600 रुपये की सामग्री जब्त की गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 जुलाई 2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जीई रोड स्थित सी-मार्ट, पावर हाउस के पास एक महिला गांजा बेचने के लिए रखी हुई है। सूचना पर छावनी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और एक संदिग्ध महिला को पकड़ा।पूछताछ में महिला ने अपना नाम अनिता (50 वर्ष), पति स्वर्गीय शिशुपाल, निवासी नंदनी रोड, चौरसिया होटल के पीछे, कैंप-2 भिलाई बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखी सफेद प्लास्टिक की बोरी में गुलाबी रंग की प्लास्टिक झिल्ली में पैक गांजा बरामद हुआ।गवाहों की मौजूदगी में मादक पदार्थ का वजन कराया गया, जिसमें गांजा का कुल वजन 1.250 किलोग्राम पाया गया। साथ ही आरोपी के पास से 5,100 रुपये नकद भी बरामद हुए, जिन्हें पुलिस ने बिक्री की रकम माना है।आरोपी महिला से गांजा रखने संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गांजा और नकदी जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया।

### योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**उतई ।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल के अंतर्गत खोपली शक्ति केंद्र की बैठक भागचंद देशलहरे के निवास स्थान पर हुई। मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर रहें। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने एवं आगामी स्थानीय चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि पार्टी को बूथ स्तर पर और मजबूत करना है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन पूर्व मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा,शक्तिकेंद्र प्रभारी विमला कामडे,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर,किसान मोर्चा अध्यक्ष फालेन्द्र राजपूत,उतई मंडल उपाध्यक्ष देवेन्द भारती, राकेश आदि उपस्थित थे।

## पीएम मोदी व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन

# जंतर-मंतर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, युवाओं को दिया पूरा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

जंतर-मंतर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में धमधा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग कार्यालय से बस स्टैंड होते हुए गंडई चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारे लगाए गए। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि जंतर-मंतर में छात्रों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के प्रभारी महामंत्री राजीव गुप्ता ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की जनता को केवल झुटे वादे और परेशानियां मिली हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जंतर-मंतर में छात्रों पर हुई कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, छात्रों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। गंडई चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी, मधुसूदन राणा, जालम पटेल, राज पटेल, अशोक कसार, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, अरुण साहू, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, आशीष पाण्डेय, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू, ललित सोनकर आदि शामिल है।

### छात्रों पर लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं : राकेश ठाकुर




### जामुल में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**जामुल ।** जंतर-मंतर नई दिल्ली में जारी आंदोलन के सिलसिले में स्थानीय स्तर पर कांग्रेस ने गुरुवार को एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन जामुल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में संतोषी चौक जामुल बस्ती में किया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामुल के पदाधिकारी, कांग्रेस के पार्षद, छाया पार्षद, मण्डल अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष ,बुथ अध्यक्ष वरिष्ट कांग्रेस, युवक कांग्रेस, पूर्व ऐल्डरमेन, कांग्रेस,महिला कांग्रेस एवं सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला जलाया



**पाटन।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी, सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी सहित अनेक कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन ने स्वामी आत्मानंद चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन अध्यक्ष मोहन साहू, जामगांव आर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर और नगर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल देवांगन के संयुक्त तत्वावधान में इस आंदोलन में पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास हुए। हल्की धक्का-मुक्की के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज़ दबा रही सरकार : साहू

**उतई/अंडा।** पूर्व गृहमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि विपक्ष की सबसे बड़ी जिम्मेदारी जनता की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाना और जनहित के मुद्दों पर जवाबदेही तय करना है।



गुरुवार को जारी बयान में श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता विपक्ष राहुल गांधी लगातार युवाओं, छात्रों और आम जनता के मुद्दों को सड़क से लेकर संसद तक उठा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ॥इस देश का दुर्भाग्य है कि सरकार जनता के सवालों का जवाब देने के बजाय आवाज़ उठाने वालों को दबाने का प्रयास कर रही है।॥ साहू ने की कहा, ॥भाजपा याद रखे, लोकतंत्र में आवाज़ दबाने से सवाल खत्म नहीं होते। देश का युवा न्याय मांग रहा है, जवाब मांग रहा है और कांग्रेस उनकी आवाज़ बनकर मजबूती से खड़ी है।॥ पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और छात्रों की समस्याओं जैसे मुद्दों पर सरकार चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों पर जनता के साथ खड़ी है।

## अंचल की खबरें

### शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने दी साइकिल



**भिलाई/उतई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम डुंडेरा में सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कक्षा 9वीं की 31 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की। साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में कुमारी दीक्षा यादव, अर्पित साहू, खुशबू निर्मलकर, रश्मि यादव, वीणा साहू, सिया बाग, खुशी साहू, दिशा भारती, सोनम, प्रतिमा बेहरे, मधुलिका नायक आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना से बेटियों को विद्यालय तक नियमित एवं सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित होगी। ये साइकिलें छात्राओं की शिक्षा यात्रा को सुगम बनाते हुए उनके सपनों को नई उड़ान देंगी। प्रदेश के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, समय पर निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण, अतिरिक्त पौष्टिक आहार, नियमित पालक-शिक्षक बैठक, न्योता भोज और भारतीय संस्कृति पर आधारित विभिन्न नवाचारों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविन्द साहू, पार्षद विक्की चंद्राकर, हरीश नायक, महामंत्री रोहित धनकर, पुनाराम कलिहारी, इंद्रजीत सोनी, प्रेम नारायण वर्मा सहित शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। प्राचार्य सरिता मसी ने आभार व्यक्त किया।

### शहादत दिवस पर स्मृति समारोह का आयोजन कल



**भिलाई।** कारगिल योद्धा अमर शहीद वीर चक्र सम्मानित कौशल यादव के 27वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ आर्मी वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा 25 जुलाई सुबह 11 बजे हुडको स्थित कौशल यादव स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि सभा व स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष हरप्रीत सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में कारगिल योद्धा अमर शहीद वीर चक्र सम्मानित कौशल यादव के 27वें शहीद दिवस के अवसर पर दिनांक 25 जुलाई को एक भव्य श्रद्धांजलि एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर शहीद कौशल यादव के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यह कार्यक्रम नई पीढ़ी में देशभक्ति, राष्ट्रसेवा और सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का एक विनम्र प्रयास है। स्मृति दिवस समारोह के दौरान रक्त दान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान हरप्रित सिंग पूर्व सैनिक एडवेंचर, कैप्टन ओपी सिंह, मनीष शर्मा, वीके सिंह, बेनी प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार, नेहा मोदी आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार कौशल विकास



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा में ॥राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के संदर्भ में कौशल विकास एवं स्वावलंबन विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार घोष, कुलपति, सी. वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर तथा विशिष्ट अतिथि राजन कुमार दुबे, संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय रहे। अध्यक्षता डॉ. रजनी राय, संयुक्त संचालक, शैलदेवी महाविद्यालय ने की। प्राचार्य डॉ. के. एन. मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को कौशल सम्पन्न, आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युवाओं में कौशल, नवाचार, उद्यमिता और तकनीकी दक्षता का विकास अत्यंत आवश्यक है। संचालन जितेश मिश्रा ने किया तथा अंत में उप प्राचार्य डॉ. रश्मि पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया।

## स्कूल-कॉलेज के पास हेरोइन बेच रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा



**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने स्कूल और कॉलेज क्षेत्र के आसपास हेरोइन की बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8.49 ग्राम हेरोइन, बिक्री की रकम, दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईटीआई मैदान खुर्सीपार के पास एक युवक अवैध रूप से हेरोइन बेच रहा है और युवाओं, विशेषकर स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को नशीला पदार्थ उपलब्ध करा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम जसराज सिंह (22 वर्ष), निवासी इंदिरा नगर, छावनी, भिलाई बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 8.49 ग्राम हेरोइन, बिक्री से प्राप्त 1,050 रुपए नकद, दो मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। सभी सामग्री को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। खुर्सीपार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8, 21(बी) और 27ए एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## सुदामापुरी में जल निकासी और गंभीर जलभराव की समस्या से रहवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



▪ बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जल निकासी व्यवस्था की मांग

सुदामापुरी (अमलेश्वर) के समस्त रहवासीगण जल निकासी एवं गंभीर जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। इन रहवासियों ने बताया कि गण पूर्व में कृषि भूमि के छोटे भूखंडों को क्रय कर वहां मकान बनाकर सपरिवार निवास कर रहे हैं। कॉलोनी निर्माताओं ने नियमों को ताक पर रखकर खारून नदी में मिलने वाले प्राकृतिक नाला (जल निकासी मार्ग) को बंद कर दिया गया है तथा चारों ओर ऊंची बाउंड्री वॉल खड़ी कर दी है। इसके चलते बारिश में रास्तों और घरों के आसपास 4 से 5 फीट तक पानी भर जाता है। इसके अतिरिक्त, मुख्य सड़क पर फुटपाथ एवं नाली न होने के कारण मुख्य मार्ग का पानी तथा पीछे की ओर स्थित सांकरा तालाब का ओवरफ्लो पानी भी पूरी तरह हमारे ही क्षेत्र में आकर जमा हो जाता है। इस जलभराव के कारण नारकीय स्थिति निर्मित हो गई है। लोगों को घुटनों से ऊपर तक भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। यहां सांप, बिच्छू और मच्छरों का भयंकर प्रकोप हो गया है। वहीं महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। आपातकाल में एम्बुलेंस या चार पहिया वाहनों का आना भी असंभव हो जाता है। इन रहवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राकृतिक नाले को अवरुद्ध करने वाले बिल्डरों/कॉलोनी नाइजरों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। सुदामापुरी क्षेत्र से पानी की निकासी के लिए तत्काल सरकारी नाली/कैनल का निर्माण कराया जाए ताकि इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

## निधन

### मदनलाल सेन

**पाटन।** ग्राम केसरा निवासी गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन सेवानिवृत शिक्षक मदनलाल सेन (86) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 बजे केसरा मुक्ति धाम मे किया जायेगा। वे गजेन्द्र सेन एवं अरूण सेन के पिता तथा सुशीला सेन के पति थे।



**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील-पाटन प.ह.न.- 00006 सांकरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- .MD202526430302400087

**// ईश्तहार //**

तहसील पाटन के प.ह.न. 00006 के अंतर्गत ग्राम सांकरा के वर्तमान भूमीस्वामी परगुन छाबड़ा पिता/पति-मोनेन्द्र छाबड़ा पता-रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15000/1(0.0092) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सत्येन्द्र कुमार ठाकुर पिता/पति-स्व. त्रयंबकनाथ ठाकुर पता-बैंगलोर कर्नाटका के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचारधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/08/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार पाटन पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

Pawan Thakur
तहसीलदारः पाटन

## दो आरोपी से 300 नशीली टेबलेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई




▪ 1.36 लाख रुपए की नशीली टेबलेट, मोबाइल और हथियार जब्त

सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध बिक्री करने की तैयारी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 300 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, दो धारदार हथियार और दो मोबाइल फोन समेत कुल 1.36 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा स्थित प्रियंका बोरवेल्स के पीछे मैदान में दो युवक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान दिपेश उर्फ आयुषदीप (21 वर्ष), निवासी उत्कल कॉलोनी गंजपारा और कृष्णा कुमार सेन (19 वर्ष), निवासी डिपरापारा दुर्ग के रूप में बताई। तलाशी के दौरान दिपेश के पास से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और ओप्पो मोबाइल फोन बरामद हुआ। वहीं कृष्णा कुमार सेन के कब्जे से 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, एक धारदार हथियार और आईफोन एसई 2020 मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली में धारा 21(ख) एनडीपीएस अधिनियम तथा 25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## बिजनेस साइट

### जादूगर रुद्रा का शो भिलाई में केवल 2 अगस्त तक




**भिलाई।** अय्यप्पा मन्दिर ऑडिटोरियम सेक्टर 2 भिलाई में सुपर स्टार जादूगर रूद्रा का जादू शो दर्शकों को भरपूर आनंदित कर रहा है। रोजाना शो में लोग सपरिवार पहुंच रहे हैं। दुर्ग सांसद विजय बघेल और भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन भी जादूगर रुद्रा के शो में पहुंचे तथा जादू शो देखकर खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि कि ऐसा शो भिलाई में पहली बार आया है, रोजाना शो में कुछ न कुछ नया प्रयोग देखने को मिलता है, शो के दौरान गोरिल्ला और डायनासोर दर्शकों को खूब लुभा रहा है। शो के दौरान कभी कबूतरों को बैलून बनाया तो कभी एक लड़की को चार टुकड़े में कर के दिखाया, कभी एक लड़की को 10 फीट हवा में उड़ाया जैसे सैकड़ों ढेर सारे नए नए करतब देखने को मिलते हैं। रोजाना 2 शो चलते हैं, 4 बजे से और शाम 7 बजे से। रविवार को 3 शो दिखाया जाता है, दोपहर 1 बजे, शाम 4 बजे और शाम 7 बजे। प्रत्येक शो 2 घंटे का होता है।शो का टिकट ऑनलाइन और ऑफलाइन अय्यप्पा मन्दिर ऑडिटोरियम सेक्टर 2 भिलाई में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं। शो के आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका जादू शो भिलाई में अब केवल 2 अगस्त तक चलेगा तथा आखिरी सप्ताह का शो और भी रोमांचक होगा।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ राज्य होम्योपैथी परिषद के सदस्य बने डॉ. चौधरी

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सह संयोजक डॉ. प्रदीप चौधरी



छत्तीसगढ़ राज्य होम्योपैथी परिषद के सदस्य बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग मंत्रालय ने 22 जुलाई को इसकी अधिसूचना जारी की है। इसमें राज्य से 10 सदस्य शामिल किए गए हैं। इस मनोनयन पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. चौधरी ने इस मनोनयन के लिए संगठन और छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार जताया है।

### गोढ़ी मे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा दुर्ग जिला चिकित्सालय के सहयोग से गोढ़ी व खोपली गांवों में नि:शुल्क चिकित्सा जांच एवं स्वास्थ्य परामर्श शिविरों का आयोजन किया। शिविरों में ग्रामीणों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट जान्हवी, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी, पंजीयन सहयोगी राकेश कुमार तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) गुलेश्वरी साहू ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 40 ग्रामीणों, जिनमें 12 पुरुष एवं 28 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। खोपली के शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. गायत्री श्याम, फार्मासिस्ट मनीष देशमुख, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा तथा पंजीयन सहयोगी विवेक ध्रुव ने अपनी

# राशन दुकान में 1007 क्विंटल चावल गड़बड़ी का खुलासा, अध्यक्ष गिरफ्तार

## ऑनलाइन रिकॉर्ड में था 1034 क्विंटल चावल, गोदाम में मिला सिर्फ 26 क्विंटल, खाद्य विभाग की जांच में खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस से जुड़े एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। भिलाई नगर थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-7 मार्केट की शासकीय उचित मूल्य दुकान में 1007.51 क्विंटल चावल की कमी पाए जाने के बाद पुलिस ने दुकान के संचालक और अध्यक्ष धनंजय सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। खाद्य विभाग की शिकायत पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त जांच में सामने आया कि ऑनलाइन रिकॉर्ड में दुकान में 1034.01 क्विंटल अरवा चावल उपलब्ध दर्शाया गया था, जबकि मौके पर भौतिक सत्यापन के दौरान मात्र 26.50 क्विंटल चावल ही मिला। यानी रिकॉर्ड और वास्तविक स्टॉक के बीच 1007.51 क्विंटल चावल का भारी अंतर पाया गया। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर दुर्ग के निर्देश पर गठित जांच समिति ने 24 जुलाई 2024 को सेक्टर-7 मार्केट स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान वितरण पंजी, चावल उत्सव पंजी, बैठक पंजी और बारदाना पंजी तो उपलब्ध मिले, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण स्टॉक पंजी प्रस्तुत नहीं की जा सकी। जब जांच टीम ने स्टॉक का ऑनलाइन रिकॉर्ड और भौतिक सत्यापन का मिलान किया, तो हजार क्विंटल से अधिक चावल गायब मिला। जांच अधिकारियों ने तत्काल पंचनामा तैयार कर संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के बयान दर्ज किए।

### स्पष्टीकरण नहीं दे पाए अध्यक्ष



जांच के दौरान दुकान के अध्यक्ष धनंजय सिंह राजपूत से चावल की कमी के संबंध में जवाब मांगा गया, लेकिन वे संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे सके। जांच रिपोर्ट में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमों और अनुबंध की शर्तों के गंभीर उल्लंघन की पुष्टि हुई। प्रारंभिक जांच में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कई कंडिकाओं का उल्लंघन पाया गया, जिसके आधार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की गई। खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर थाना भिलाई नगर में अपराध क्रमांक 401/2026 दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। दस्तावेजों की जांच, साक्ष्य संकलन और अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं के बाद पुलिस ने दुकान के अध्यक्ष धनंजय सिंह राजपूत (63 वर्ष), निवासी सेक्टर-7 भिलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### नहीं रखा गया था सही लेखा-जोखा

पुलिस जांच के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान के ऑनलाइन स्टॉक और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर पैदा कर खाद्यान्न का सही लेखा-जोखा नहीं रखा गया। आशंका है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब हितग्राहियों के लिए आवंटित खाद्यान्न के वितरण और भंडारण में गंभीर अनियमितता बरती गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एजेंसियां अब यह भी पता लगा रही हैं कि गायब हुआ चावल कहां गया, इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा क्या यह गड़बड़ी लंबे समय से चल रही थी। पुलिस और खाद्य विभाग द्वारा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## बालोद निवासी 75 वर्षीय बंदी की अस्पताल वार्ड में हुई मौत

# दुर्ग केंद्रीय जेल में कैदी की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, उच्चस्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग केंद्रीय जेल में निरुद्ध एक 75 वर्षीय कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन बालोद जिले से दुर्ग पहुंचे और मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गजानंद राव जाधव (75 वर्ष) निवासी वार्ड-6, चंडी मंदिर के पास, गुंडरदेही जिला बालोद, पिछले लगभग एक वर्ष से जेल में निरुद्ध थे। उन्हें पहले बालोद जेल में रखा गया था और करीब चार माह पूर्व दुर्ग केंद्रीय जेल स्थानांतरित किया गया था। मृतक की पत्नी बसंती जाधव ने बताया कि बुधवार रात पार्षद के माध्यम से सूचना मिली कि दुर्ग जेल में बंद उनके पति की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। गुरुवार सुबह परिजन दुर्ग पहुंचे और पद्मनाभपुर थाना पहुंचकर मामले की जांच की मांग की।

## परिवार ने सीबीआई जांच और वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम की उठाई मांग

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के पुत्र किशन राव जाधव ने पुलिस को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि उनके पिता की मौत दुर्ग जेल के अस्पताल वार्ड में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। उन्हें आशंका है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि हत्या का मामला भी हो सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने से पहले ही छिपाए जा सकते हैं। इसलिए पूरे मामले की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। परिजनों ने मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए ताकि घटना की वास्तविकता सामने आ सके और यदि किसी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो।



### चार डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराने की मांग

परिवार ने मांग की है कि शव का पोस्टमार्टम कम से कम चार विशेषज्ञ डॉक्टरों के पैनल द्वारा कराया जाए। साथ ही पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाए ताकि किसी प्रकार का संदेह न रहे। परिजनों ने जेल अस्पताल वार्ड और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने, घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद जेल कर्मचारियों, अधिकारियों और अन्य बंदियों से पूछताछ करने की भी मांग की है। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच में जुटे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### खांसते-खांसते गिरने से सिर में लगी चोट

दुर्ग केंद्रीय जेल में बंद 75 वर्षीय कैदी गजानंद राव जाधव की मौत के मामले में पुलिस के अनुसार मृतक लंबे समय से दमा अस्थमा की बीमारी से पीड़ित था और उसका नियमित इलाज भी चल रहा था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अत्यधिक खांसी आने के दौरान वह गिर पड़ा, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और बाद में उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक की पत्नी बसंती जाधव ने भी स्वीकार किया है कि उनके पति को दमा की पुरानी बीमारी थी और उसका उपचार चल रहा था। हालांकि परिवार का कहना है कि मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### मॉडिफाइड साइलेंसर लगा बुलेट चालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** थाना उतई पुलिस ने मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई



की है। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। पुलिस के अनुसार, थाना उतई क्षेत्र में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एमटी 5272 के चालक द्वारा बुलेट बाइक में प्रतिबंधित मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसी तेज आवाज निकाली जा रही थी, जिससे आम नागरिकों को असुविधा हो रही थी और ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच कर वाहन चालक की पहचान की। इसके बाद यश कुमार मंडावी (22 वर्ष), निवासी रिसाली, भिलाई के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184ए(4) के तहत कार्रवाई करते हुए 5,000 रुपये का चालान किया गया। पुलिस ने वाहन चालक को भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर का उपयोग करने की समझाइश भी दी।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02



शिवभक्तों के लिए विशेष ट्रेन

लाइव इवेंट

## एससी-एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को मिले कॉपी



**दुर्ग**। शिक्षा ही असली ताकत है। इसी सोच के साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वंचित बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन गोंडवाना भवन में किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को कॉपी, पुस्तकें और स्कूल बैग प्रदान किए गए। उद्देश्य था कि संसाधनों की कमी उनकी पढ़ाई में बाधा न बने और वे आत्मविश्वास के साथ स्कूल जाएं। इस अवसर पर वक्ताओं ने बच्चों से कहा कि मेहनत और लगन से पढ़ाई करो। शिक्षा से ही जीवन में बदलाव आता है और समाज आगे बढ़ता है। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अंत्यावसायी प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख श्यामल दास, समाजसेवी राकेश ठाकुर, गोंडवाना समाज के पदाधिकारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खुशी नेताम ने किया। अंत में छायांशु नेताम ने सभी का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में अनुसूया ठाकुर, अन्नपूर्णेश्वरी ठाकुर, ममता आर्मो, राजेश्वरी नेताम, लता नेताम, योगेश्वरी ठाकुर, पुष्पा ध्रुव, सुलोचना ठाकुर, लक्ष्मी ठाकुर, नवीन मंडावी, कमल किशोर मंडावी, चंदू ध्रुव, दिनेश ठाकुर, योगेश्वरी मंडावी, हिना ठाकुर, चांदनी ध्रुव, रुद्र कुमार, दिलेश्वरी मंडावी, राजकुमारी मंडावी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## तुलराम आर्य कन्या स्कूल में छात्रा परिषद का गठन



**दुर्ग**। तुलाराम आर्य कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रा परिषद का चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्षा आभारानी गुप्ता, प्रभारी प्राचार्या ज्योति गोलछा, वरिष्ठ शिक्षिका मनोरमा पाण्डेय सहित शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपाध्यक्षा दयानंद शिक्षा समिति द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। अध्यक्षा के पद पर गुनगुन देवांगन 12वीं विजयी रही। कार्यक्रम में आभारानी गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एकता और संगठन में ही शक्ति है प्रभारी प्राचार्या द्वारा छात्राओं को उनके पदों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन झरना गुप्ता ने किया और चुनाव का संचालन स्वाति देशपांडे ने किया।

लाइव इवेंट

## मनवा कुर्मी समाज कल मनाएगा डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई छत्तीसगढ़ भ्रातृसंघ तथा अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 25 जुलाई को शंकर नगर दुर्ग स्थित मनवा कुर्मी समाज भवन में डॉ. खूबचंद बघेल तथा राजऋषि शाहू जी महाराज की जयंती दो सत्रों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम सत्र में दोपहर तीन से पांच बजे डॉ. खूबचंद बघेल जयंती मनाई जाएगी, जिसके मुख्य अतिथि चंद्रकांत वर्मा, आईएएस संचालक, पशु पालन विभाग, अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा, विशेष अतिथि सीताराम साहू, श्याम कवि, जगदीश देशमुख साहित्यकार होंगे, इसके अलावा श्याममूरत कौशिक, सी के वर्मा, नरेंद्र देवांगन वक्ता होंगे। दूसरा सत्र शाम पांच से आठ बजे रात्रि तक होगा, जिसमें मुख्य अतिथि ब्रह्मदेव पटेल प्रांतीय संयोजक छ ग़ सर्वसमाज संगठन, अध्यक्ष कमल वर्मा, प्रांतीय संयोजक छ ग़ राजपत्रित अधिकारी कर्मचारी संगठन विशेष अतिथि अनिल मेश्राम, राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा, चंद्रभानु ठाकुर, अध्यक्ष दुर्ग जिला आदिवासी विकास परिषद होंगे। मुकुंद बंछोर, पोषण साहू, दिनेश्वरी भूआर्य मुख्य वक्ता होंगे।

### पावस ऋतु पर सरस काव्य गोष्ठी 26 को

**भिलाई**। साहित्य सृजन परिषद् के तत्वावधान में पावस ऋतु पर सरस काव्य गोष्ठी रविवार 26 जुलाई को इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुपेला-भिलाई में अपराह्न 2:30 बजे से आयोजित की गई है। परिषद के अध्यक्ष एनएल मौर्य प्रीतम ने बताया कि गोष्ठी में मुख्य अतिथि स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला होंगी। अध्यक्षता प्रख्यात संस्कृत विद्वान आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि इंदिरा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय के संचालक काशीनाथ वर्मा, प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य और समाजसेवी घनश्याम कुमार देवांगन होंगे। स्वागत उद्बोधन परिषद के अध्यक्ष एनएल मौर्य प्रीतमऔर आभार व्यक्त परिषद के उपाध्यक्ष टीआर कोसरिया अलकरहा देंगे।

● मौसी के घर रहने के बाद भगवान जगन्नाथ लौटेंगे श्रीमंदिर, जगह-जगह स्वागत की तैयारी

# गुण्डिचा मंडप सेक्टर-10 में मंचित नृत्य नाटिका दसावतार ने बटोरी तालियां, दोनों प्रमुख मंदिरों में बहुड़ा यात्रा आज, धाम को लौटेंगे भगवन

भगवान पिछले 8 दिनों से अपनी मौसी के घर पर हैं। भिलाई में दो जगहों पर सेक्टर-6 ए मार्केट और सेक्टर-10 में मौसी का घर गुंडिचा मंडप तैयार किया गया है। जहां हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रवचन के बाद भगवान जगन्नाथ अब अपने धाम को लौटने की तैयारी में है। दोनों ही प्रमुख श्री मंदिरों सेक्टर-6 और सेक्टर-4 में तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। दोनों गुंडिचा मंडप से भगवान जगन्नाथ का रथ 24 जुलाई को श्र मंदिरों के लिए लौटेगा। इस दौरान अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



**भिलाई**। गुण्डिचा मंडप सेक्टर-10 में मंचित नृत्य नाटिका दसावतार का मंचन किया गया, जिसने वाहवाही बटोरी। नन्हे कलाकारों ने इस दौरान प्रस्तुति दी। जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 के तत्वावधान में सेक्टर-10 में निर्मित गुण्डिचा मंडप में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के तहत नृत्य नाटिका दसावतार का भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। समिति द्वारा छप्पन भोग पूजा का आयोजन किया गया, जिसमे भक्तों द्वारा लाए गए व्यंजनों का महाप्रभु को भोग लगाया गया। महाप्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा महोत्सव के तहत आयोजित संगीत संध्या में शिव शक्ति एकेडमी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत दसावतार नृत्य नाटिका ने अंत तक दर्शकों को बांधे रखा। सुनैना नायर के बेहतरीन निर्देशन एवं टी सतीशन के संयोजन में 28 नन्हे कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकारों की बेहतरीन प्रस्तुति ने दर्शकों को बार-बार ताली बजाने के लिए प्रेरित किया। प्रत्येक अवतार के दृश्यों को नृत्य नाटिका के माध्यम से मंच पर सजीव किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र सतपथी व महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन त्रिनाथ साहू ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी गायकों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बहुड़ा रथयात्रा में छेरापंहरा समाजसेवी संजय मिश्रा करेंगे। 24 जुलाई दिन शुक्रवार दोपहर 2 बजे गुंडिचा मंडप सेक्टर 10 से बहुड़ा रथयात्रा निकाली जाएगी। महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर लौटेंगे। इस बहुड़ा रथयात्रा में उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री संजय मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में छेरापंहरा का कार्यक्रम संपन्न करेंगे। इस अवसर पर त्रिनाथ साहू, भीम स्वांई, अनाम नाहक, डी त्रिनाथ, वृंदावन स्वांई, बसंत प्रधान, बीसी बिस्वाल, कालू बेहरा, जगन्नाथ पटनायक, रंजन महापात्र, प्रकाश स्वांई, राजू बेहेरा, वीके होता, कवि बिस्वाल सहित अन्य मौजूद थे।

### भगवान का होगा श्रृंगाार, रथ पर सवार होकर रवाना होंगे मंदिर जाने के लिए





महाप्रभु जगन्नाथ का मौसी के घर 24 जुलाई को नौवां दिन है। जगन्नाथ महाप्रभु श्री मंदिर के लिए निकलेंगें। गुरुवार को जगन्नाथ भगवान को बड़ सिंगार वेश धारण करवाया गया। सेक्टर-6 ए मार्केट में बनाए गए गुंडिचा मंडप में सुबह 5 बजे भगवान का श्रृंगार किया गया। महाप्रभु को उनकी मौसी के द्वारा बड़ श्रृंगार वेश धारण कराया गया। विभिन्न प्रकार के सुगन्धित फूलों से भगवान का श्रृंगार किया गया। फूल महल बनवाया गया। मध्यान्ह भोग में अन्न, डालमा, महूर, आबूंलवेसर, खीरी, पोड़ पीठा का भोग लगाया गया। भक्तों ने भी इस भोग को खरीद कर भोग का आनंद लिया। संध्या आरती के बाद 7.30 बजे से राम कथा शुरू हुई, जो रात 10 बजे बजे तक चली। इसके साथ कथा का समापन हुआ।

24 जुलाई दोपहर 3 बजे जगन्नाथ रथ पर सवार होकर श्री मंदिर जाएंगे। कल छेरापंहरा रस्म भी की जाएगी। इस आयोजन में पं. तुषार कान्त माहापात्रा, समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, पर्व प्रभारी संजय साहू, शरद विशाल, गजेन्द्र पंडा, रविन्द्र साहू, शशिभूषण माहंती, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइया, राजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत सामल, निलमणी नायक, रविंद्र मुनी, राजेंद्र पंडा, बलराम रथ, सीमांचल माहंती, गौरी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## कबीर दास एवं शाहू जी महाराज के मानवतावादी क्रान्तिकारी विचार आज भी प्रासंगिक



**दुर्ग**। युवा प्रकोष्ठ बौद्ध समाज के तत्वावधान में शंकर नगर स्थित बौद्ध विहार में क्रान्तिकारी संत कबीर दास एवं आरक्षण के जनक शाहू जी महाराज की संयुक्त रूप से जयंती मनाई गई। इस समारोह में बड़ी संख्या में एससी-एसटी और ओबीसी समाज की महिला पुरुष श्रोतागण सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे। प्रबुद्ध विचारक जीडी राउत ने इस अवसर पर कबीर दास एवं शाहू जी महाराज के मानवता वादी क्रान्तिकारी विचारों और कार्यों को अपने वक्तव्य के माध्यम से विस्तार से बताया। सेवानिवृत्त संभागायुक्त महादेव कावरे और सेवानिवृत्त इंजीनियर अशोक ढवले का सामाजिक सम्मान किया गया। आयोजन समिति की ओर से दोनों अफसरों को शाल, मोमेंटो, प्रशस्ति-पत्र एवं पौधा भेंट किया गया। इससे पहले सुबह से लेकर पूरे दिन भर इन दोनो महापुरुषों की जयंती को जन सेवा और लोक मंगल के रूप में यादगार बनाने के लिए संस्था के युवकों ने महोदव कावरे को साथ लेकर मालवीय नगर के अनाथआलय में बच्चों को दयनिक जरूरतों की सामग्री प्रदान की गई। पुलगांव के वृद्धाश्रम में भोजन दान दिया, तथा भिलाई के वृद्धा आश्रम में वृद्धों को फल वितरण किया गया।

समाज के प्रबुद्ध लोगों ने संस्था के युवकों के इस कार्य की सराहना एवं प्रशंसा की। आयुश्मान दिलीप रामटेके की अध्यक्षता में संपन्न इस भव्य आयोजन का संचालन राकेश बोम्बार्डे ने किया। इस अवसर पर एस.जेड बोम्बार्डे दीक्षित उके, सार्थक गजभिये, आदित्य नारंग, सागर सेन, लक्ष्मी नारायण कुम्भकार, बबलू चौरे, उदित सेन प्रतिमा गजभिये, स्वाती गजभिये, देवेन्द्र सेन, देवा कुम्भकार सचिन गवई, धमेन्द्र रामटेके, अमित गजभिये, बलराज बडोले, सन्नी मेश्राम एवं समाज के सभी गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## ताइक्वांडो में कृतिका ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई**। एसएनजी विद्या भवन सेक्टर 4 की प्रतिभाशाली छात्रा एम कृतिका ने सीबीएसई द्वारा आयोजित खेल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 19 से 22 जुलाई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में एम कृतिका ने अंडर-19 (63 से 68 किलोग्राम भार वर्ग) में भाग लिया। कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली 16 वर्षीय कृतिका ने अपने बेहतरीन दांव-पेच और उत्कृष्ट खेल कौशल से विरोधियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा जमाया। इसी तरह शाला की ही जैस्मिन नाहको कक्षा 12 वीं ने अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन खेल तकनीक के बल पर अंडर-19 श्रेणी के 68 प्लस किग्रा भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त की है। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर एसएनजी विद्या भवन के मैनेजर वीके बाबू, टीयू सुनील कॉरोस्पोंडेंट, पीएस सुरेश ट्रेजरर, विनय पीताम्बरन संस्था उपाध्यक्ष, प्राचार्य अनुराग वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिला स्तरीय अभिसरण की बैठक में की गई विस्तार से चर्चा, संबंधित विभागों को दिशा निर्देश जारी

# बाल अपराधों को रोकने और विधि से संघर्षरत बालकों के पुनर्वास को लेकर मंथन, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने बनी कार्ययोजना

कार्नर न्यूज

**दुर्ग**। विधि से संघर्षरत बच्चों के बेहतर पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने हेतु जिला स्तरीय अभिसरण की बैठक गुरुवार को पीडब्ल्यूडी सभागार में आयोजित की गई। जिले में विधि से संघर्षरत बच्चों के बेहतर पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने, वर्तमान कमियों एवं सहयोग की संभावनाओं की पहचान करने, बच्चों एवं उनके परिवारों को समयबद्ध, समग्र एवं प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है।

बैठक में जेजेबी के प्रधान मजिस्ट्रेट भगवान दास पनिका ने कहा कि बच्चों के समग्र संरक्षण और पुर्वास के लिए सभी विभागों एवं संस्थाओं के बीच निरंतर सहयोग, समन्वय और साझेदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी हितधारकों से बाल-अनुकूल, संवेदनशील और सशक्त संरक्षण तंत्र विकसित करने के लिए मिलकर कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने बच्चों के लिए बनाए गए कानूनी अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधि से संघर्षरत बच्चों का पुनर्वास केवल कानूनी प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व भी है।



### विधि से संघर्षरत बच्चों का विकास हो हर किसी की प्राथमिकता

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री उमेश कुमार भगवतकार ने कहा कि विधि से संघर्षरत बच्चों के बेहतर पुनर्वास, संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि ऐसे बच्चों के साथ दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाए, ताकि वे शिक्षा, परामर्श और कौशल विकास के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। सीएसजी सीनियर डायरेक्टर उर्वशी तिलक ने बैठक में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा, मानसिक एवं सामाजिक परामर्श, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा पुनर्वास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रत्येक बच्चे की परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्वास की कार्ययोजना तैयार कर उसे समयबद्ध तरीके से लागू करने की बात कही।

### रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में बाल अपराधों की संख्या ज्यादा

इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा बच्चों को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। सीएसजी सीनियर डायरेक्टर उर्वशी तिलक ने बताया कि यह पहल वर्तमान में छत्तीसगढ़ के तीन जिलों रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में प्रारंभ की गई है। इन जिलों का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि यहां बाल अपराध के मामले अपेक्षाकृत अधिक दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बैठक के दौरान तीनों जिलों में दर्ज बाल अपराध के आंकड़ों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन आंकड़ों के आधार पर पुनर्वास और संरक्षण की कार्ययोजना को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक में पुलिस विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, सामाजिक संस्थाएं एवं सीएसआर के प्रतिनिधि, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्री आर.के. जाम्बुलकर, परियोजना समन्वयक श्री चंद्रप्रकाश पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### पुरी जगन्नाथ में सेवा के लिए रितेश का चयन, सम्मान लेकर लौटे



**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश कुमार बाजपेयी के निर्देश और जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, आयुक्त जीत यादव, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन कमिश्नर अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन पर राष्ट्रीय स्तरीय रथयात्रा सेवा शिविर में रोवर रीतेश कुमार ताम्रकार का चयन किया गया था। 14 से 18 जुलाई तक पुरी में सेवा के बाद वे लौट आए हैं। उन्हें सम्मानित किया गया। उन्हें उत्कृष्ट सेवा करने और जिला एवं राज्य का गौरव बढ़ाने के लिए संगठन आयुक्त बालक दास राऊत ने बधाई दी।

## धर्म इवेंट

### बैगापारा शीतला मंदिर में जुड़वास पर्व 27 को, जुटेंगे श्रद्धालुगण

**दुर्ग।** शहर की प्राचीन शीतला मंदिर बैगापारा में 27 जुलाई सोमवार को मां शीतला सेवा समिति द्वारा जुड़वास पर्व का आयोजन किया गया है। मंदिर के सदस्य मनोज चंद्राकर ने बताया कि हर वर्ष की



भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा जुड़वास पर्व का आयोजन किया गया है, जिसमें मंदिर को आकर्षक रूप से लाइट झालरों से सजाया गया है। मान्यता है कि माता शीतला की कृपा से न सिर्फ सुख-शांति और समृद्धि मिलती है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भी छुटकारा मिल जाता है। यहां बेहद श्रद्धा से जुड़वास पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा मान्यता यह भी है कि मंदिर में पूजा कर जल शरीर में लगाने से छोटी और बड़ी माता( चिकन पॉक्स) का निवारण हो जाता है। उन्होंने आगे बताया कि आयोजन सुबह 27 जुलाई सोमवार को 10 बजे से शाम 5 तक महिला एवं बालिका मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद शाम 6 बजे माता जी आरती होगी तत्पश्चात शहर की 64 पुरुष मंडलियों द्वारा प्रस्तुति हेतु अपनी उपस्थिति प्रदान करने की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। इसमें शहर के आसपास के 20 वार्डों के श्रद्धालुगण भी उपस्थित रहते हैं।

## इवेंट लाइव

### लेखक रामसेवक वर्मा का अगासदिया ने किया सम्मान



**भिलाई।** लेखक एवं समाज सेवी रामसेवक वर्मा का वीआईपी नगर के गणेश पंडाल सभागार में अगास दिया परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सौ चुनिंदा प्रशंसकों और परिवारजनों ने उनका अभिनंदन किया। अपनी विरासत आत्मकथा के कारण चर्चित हैं। समाज में उनके लेखन और सेवा को हमेशा सराहा गया है। रामसेवक वर्मा मनवा कूर्मि समाज के छत्तीसगढ़ राज्य महासचिव रहे। उन्होंने दो कार्यकाल तक इस जिम्मेदारी निभाई। समाज संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान अविस्मरणीय रहा। 85 वर्ष की उम्र में भी श्री वर्मा पूर्ण स्वस्थ और सक्रिय हैं। उनके जज्बे और ऊर्जा की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत महंत अंतराम द्वारा प्रस्तुत मांगलिक भजन से हुई। भजन ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। उपस्थित जनों ने दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। अगास दिया परिवार ने श्री वर्मा को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### रतनवेल वीएस भारत के 99वें ग्रैंडमास्टर बने, मिला सम्मान

**भिलाई।** रतनवेल वीएस भारत के 99वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।



उन्होंने थर्ड गुवाहाटी स्मार्ट सिटी इंटरनेशनल ओपन 2026 में 2500 ई-10 रेटिंग का आंकड़ा पार करके यह खास खिताब हासिल किया। कोयंबटूर में जन्मे इस शतरंज खिलाड़ी ने 2022 में ही अपने जीएम नॉर्म्स पूरे कर लिए थे, लेकिन रेटिंग के इस अहम पड़ाव तक पहुंचने का उनका सफर हिम्मत और लगातार कोशिश की एक शानदार कहानी बन गया। उनके प्रशंसकों ने कहा कि वर्ल्ड यूथ यू-10 में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने वाले और कई सालों से भारत के सबसे मज़बूत इंटरनेशनल मास्टर्स में से एक रहे रतनवेल ने आखिरकार वह खिताब हासिल कर ही लिया, अपनी काबिलियत के दम पर लंबे समय से वे इसके हकदार थे। भिलाई के सीनियर खिलाड़ी अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने भी एफओए टाईटल एरीना कैंडिडेट मास्टर हाल ही में हासिल किया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस 20 जुलाई की सभी भारतवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। और भारत ग्रैंडमास्टर्स का शतक लगाने जा रहा है इस पर गर्व और आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

---

● राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से सुराना कॉलेज में आयोजन

# वंदेमातरम को किया जीवंत, एकल और समूह गायन ने बटोरी तालियां, स्टूडेंट्स ने दिखाई कला के जरिए अपनी प्रतिभा

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं भारतीय मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से वन्दे मातरम् गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सरस्वती पूजा एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं देश भक्ति की भावना उत्पन्न करती है। ऐसी प्रतियोगिताएं भविष्य में भी होनी चाहिए। समिति के सदस्य विरेन्द्र शुक्ला ने वन्दे मातरम् की इतिहास एवं इसकी गरिमा के बारे में बताया। इस प्रतियोगिता में सुराना विधि महाविद्यालय एवं सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। एकल गायन में सात प्रतिभागियों ने एवं समूह गायन में चार समूहों ने भाग लिया। एकल गायन में सुराना कॉलेज के टकेश्वरी प्रथम स्थान एवं समूह गायन में सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### विद्यार्थियों में देशभक्ति जगाना और रचनात्मकता को मंच प्रदान करना उद्देश्य

अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना जगाना, उनकी रचनात्मकता को मंच देना और उन्हें राष्ट्रीय धरोहर से जोड़ना था। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट और देशभक्ति के माहौल से सराबोर रहा। छात्राओं ने वंदेमातरम से जुड़े प्रतीकों, भारत माता, स्वतंत्रता संग्राम और तिरंगे की थीम पर आकर्षक चित्र भी बनाए। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सभी छात्राओं को राष्ट्रीय गीत की गरिमा को समझने और इसे जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में कला कौशल के साथ-साथ देश के इतिहास और संस्कृति के प्रति गहरी समझ भी विकसित होती है।



### राष्ट्रगान के साथ इस आयोजन का हुआ समापन

निर्णायक के रूप में फरिस्ता पीटर एवं पुष्पांजली हिरवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति के सचिव दिलीप इंगले एवं सदस्य अनिल सुराना, महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांति सिंह, नेशनल उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य सुरेन्द्र राजपूत, भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन दिलीप इंगले ने किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता के प्रयोजन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी वर्मा ने किया तथा आयोजनकर्ता प्राची देवांगन, यूमेनिका वर्मा, राकेश दिवाकर, युगेश देशमुख एवं भागवत देवांगन थे।

### राष्ट्रीय गीत के बारे में वो बातें, जो हर किसी को जानना चाहिए

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना 1875 को बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। इसे बाद में 1882 में उनके प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में शामिल किया गया। पहली बार 1896 में इसे गाया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे प्रस्तुत किया था। आजादी के समय बंग-भंग आंदोलन में 7 अगस्त 1905 को टाउन हॉल कलकत्ता में एक विशाल सभा में हजारों भारतीयों ने एक साथ इसका गायन किया, जिसके बाद यह आजादी का सबसे बड़ा प्रेरणा गीत व नारा बन गया। संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रगान (जन-गण-मन) के समान दर्जा देते हुए भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया। इसके बाद से यह हर शैक्षणिक संस्थाओं और संविधानिक आयोजनों में गाया जाने लगा।

---

## आयोजन...

### इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजी. की भिलाई चेप्टर की नई प्रबंधकारणी घोषित



**भिलाई।** इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कार्यरत राष्ट्रीय संस्था इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की भिलाई चेप्टर की आम सभा एवं सत्र 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव भिलाई निवास काफी हाउस सभागार में संपन्न हुआ। नई कमेटी में भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक के.पटेल चेयरमैन, घनश्याम कुमार देवांगन एवं चंद्रानन जैन वाइस चेयरमैन, अवनीश दुबे सेक्रेटरी, विवेक गुप्ता ट्रेजरार, धीरजलाल सोनी ज्वाइंट सेक्रेटरी एवं एम. विल्सन ज्वाइंट ट्रेजरार चुने गए। एक्जीक्यूटिव कमेटी में पूर्व अध्यक्ष एच.के. देसाई, एस.के. डोगरा एवं कमलेश कुमार गुप्ता सदस्य चुने गए हैं। वरिष्ठ इंजीनियर एस.के. डोगरा चुनाव अधिकारी थे। घनश्याम कुमार देवांगन ने भिलाई चेप्टर की अब तक की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग टेक्निक का प्रभावी उपयोग बच्चों, महिलाओं एवं आम नागरिकों के बहुआयामी विकास हेतु करने पर जोर दिया। चेयरमैन के. पटेल ने इंडस्ट्रीयल इंजीनियरिंग के महत्व को प्रतिपादित करते हुए भिलाई चेप्टर के द्वारा आगामी दिनों में नेशनल कन्वेंशन आयोजित करने, सिकल सेल एनिमिया एवं थैलेसीमिया जैसे बीमारी के रोकथाम में सक्रिय योगदान देने सहित एक्शन प्लान की जानकारी दी। सभा को एच. के. देसाई, के. एल. विश्वकर्मा, धीरजलाल सोनी आदि ने भी संबोधित किया। 2025-26 के आडिटेड एकाउंट्स को सर्वसम्मति से पारित किया गया। आम सभा में वरिष्ठ इंजीनियर के.एल. विश्वकर्मा, संतोष अग्रवाल, सत्यनाथ साहूकार, एसके विश्वकर्मा, आरीफ खान, संदीप नंदनवार आदि सहित संस्था के सदस्य गण बड़ी संख्या में अपने परिवार सहित उपस्थित थे।

**नई कमेटी में के. पटेल चेयरमैन, घनश्याम कुमार देवांगन वाइस चेयरमैन, अवनीश दुबे सेक्रेटरी, विवेक गुप्ता ट्रेजरार चुने गए**

## शिवभक्तों के लिए विशेष ट्रेन

### सावन के महीने में कांवर यात्रियों के लिए विशेष रूप से चलेगी साउथ बिहार



**भिलाई।** श्रावणी मेला के दौरान बाबाधाम जाने एवं लौटने वाले छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की सुविधा देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष पहल पर गाड़ी संख्या 13288/13287 आरा-दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को पूर्ण मार्ग पर पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है। इससे सावन माह में यात्रा करने वाले हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की तरह सुगम एवं सुविधाजनक होगी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में कंसबहाल-धारुआडीही खंड की अप एवं डाउन लाइन पर ट्रैक अनुरक्षण एवं आधारभूत संरचना संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है, जो कि ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन के लिए महत्वपूर्ण है। इसके कारण दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा साउथ बिहार एक्सप्रेस को विभिन्न तिथियों में दुर्ग-राउरकेला-दुर्ग के मध्य आंशिक रूप से रद्द किया गया था। श्रावणी मेला के महत्व एवं छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष पहल की गई। इसके फलस्वरूप अब साउथ बिहार एक्सप्रेस पूरे अगस्त माह में अपने प्रारंभिक एवं अंतिम स्टेशन अर्थात आरा–दुर्ग–आरा के मध्य नियमित रूप से संचालित होगी। विशेष परिचालन व्यवस्था के अनुसार आरा से 6, 13, 20 एवं 27 अगस्त को रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा–दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस चांडिल-कांद्रा-सीनी परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी, जबकि गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस 7, 14, 21 एवं 28 अगस्त को दुर्ग-आरा-दुर्ग के मध्य अपने नियमित मार्ग से संचालित होगी।

**शिवभक्तों की यात्रा होगी और अधिक सुगम**

---

25 से 29 जुलाई तक पांच दिवसीय कम्युनिटी मीडिएशन प्रशिक्षण का आयोजन

## कार्नर न्यूज

# विधिक सेवा का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब न्याय की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल, सुलभ हो : भागवतकर

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 25 से 29 जुलाई तक पांच दिवसीय कम्युनिटी मीडिएशन प्रशिक्षण का आयोजन करेगी। इसकी तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने वॉलंटियर्स से कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वॉलंटियर्स की भूमिका को और अधिक सशक्त, संगठित तथा जनसेवा केन्द्रित बनाना है। ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विधिक सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। सचिव ने कहा कि विधिक सेवा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब न्याय की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरल, सुलभ एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी पैरा लीगल वॉलंटियर्स को नए उत्साह, नई कार्यशैली एवं नई जिम्मेदारियों के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पैरालीगल वॉलंटियर्स न्यायपालिका और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से ही विधिक सहायता, जनजागरूकता एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सकता है।



### नए सभागार में वालंटियर्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण



बैठक के दौरान मुख्य रूप से 25 से 29 जुलाई तक दुर्ग कोर्ट के चतुर्थ तल में स्थित नवीन सभागार में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय कम्युनिटी मीडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई। सचिव ने बताया गया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित पांच ग्रामों कुथरेल, निकुम, घुघसीडीह, अरसनारा एवं ननकट्ठी के सामुदायिक मध्यस्थ (मीडिएटर) भाग लेंगे, जिन्हें विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं वैकल्पिक समाधान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सामुदायिक मध्यस्थता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### पक्षकारों के मध्य संवाद, सहयोग और समझौता कराने प्रयास जरूरी

सचिव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पक्षकारों के मध्य आपसी संवाद, सहयोग एवं समझौते के माध्यम से विवादों का सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी में कमी लाई जा सके तथा मुकदमेबाजी मुक्त ग्रामीण भारत के निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा सके। बैठक के दौरान पैरालीगल वॉलंटियर्स द्वारा शिविरों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं एवं चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में न्यायालय में बढ़ते मामले और उनके त्वरित निराकरण की दिशा में कार्य की जरुरत है। इस दिशा में लगातार प्रयास भी हो रहे हैं।

### प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी

सचिव ने सभी पैरालीगल वॉलंटियर्स को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भावना के साथ करने तथा अधिक से अधिक लोगों तक विधिक सहायता एवं जागरूकता पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक के समापन पर सभी पैरा लीगल वॉलंटियर्स ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय, विधिक सहायता एवं जनजागरूकता पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, इसके लिए प्रयास करना सामूहिक जिम्मेदारी है। इसे एक अभियान की तरह लिया जाना चाहिए।

## हेल्थ टिप्स

### आंत के बैक्टीरिया से मस्तिष्क का है सीधा संबंध, जानिए सब कुछ




हमारा मस्तिष्क और हमारा पेट दोनों ही शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। बहुत कम लोगों को मालूम है कि हमारा मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा संबंध है। आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित करते हैं।

हमारा शरीर एक जटिल तंत्र है, जहां हर अंग एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। इनमें मस्तिष्क और पेट का संबंध सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक है। हालांकि ज्यादातर लोग सोचते हैं कि पेट का काम सिर्फ खाना पचाना है, पर बहुत कम लोगों को यह मालूम है कि हमारे मस्तिष्क का हमारे पेट से बहुत गहरा और सीधा संबंध है।

हमारा पेट सिर्फ भोजन पचाने का काम नहीं करता, बल्कि यह अरबों सूक्ष्मजीवों (माइक्रोब्स) का घर भी है, जिन्हें सामूहिक रूप से आंत माइक्रोबायोम कहते हैं। ये बैक्टीरिया हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क के साथ लगातार संवाद करते हैं। यह संवाद सिर्फ हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य, हमारी भावनाओं, मूड और यहां तक कि सोचने-समझने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। यह संबंध जितना हम सोचते हैं, उससे कहीं अधिक गहरा और प्रभावशाली है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि हमारे आंत के बैक्टीरिया हमारे मस्तिष्क को कैसे कंट्रोल करते हैं।

#### आंत और मस्तिष्क में संवाद के तरीके

आंत और मस्तिष्क के बीच का संवाद कई तरीकों से हो सकता है। सबसे पहला वेगस तंत्रिका एक सीधा रास्ता है, जो पेट से दिमाग और दिमाग से पेट तक संदेश ले जाती है, जिससे दोनों



आपस में जुड़े रहते हैं। इसके अलावा, आंत के बैक्टीरिया कई रासायनिक संदेशवाहक (न्यूरोट्रांसमीटर) बनाते हैं, जैसे सेरोटोनिन, जिसका 90% हिस्सा पेट में ही बनता है।

ये रसायन हमारे मूड, नींद और भूख पर असर डालते हैं। साथ ही, आंत का स्वास्थ्य सीधे हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को भी प्रभावित करता है, आंत में असंतुलन होने पर सूजन बढ़ती है, जो दिमाग और मानसिक सेहत पर बुरा असर डाल सकती है।

#### आंत के बैक्टीरिया मानसिक स्वास्थ्य और मूड को कैसे प्रभावित करते हैं?

आंत माइक्रोबायोम का असंतुलन, जिसे डिसबायोसिस कहते हैं, चिंता और डिप्रेशन के बढ़ते जोखिम या गंभीरता से जुड़ा हुआ है। एक अस्वस्थ आंत से शरीर में सूजन बढ़ सकती है और न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन बाधित हो सकता है, जिससे मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है। आंत के बैक्टीरिया शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को भी प्रभावित करते हैं। एक स्वस्थ आंत माइक्रोबायोम आपको तनाव के प्रति अधिक लचीला बना सकता है। इसके अलावा, आंत का संतुलन याददाश्त, सीखने की क्षमता और समग्र संज्ञानात्मक कार्य को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकता है। नींद के पैटर्न भी आंत के स्वास्थ्य से जुड़े होते हैं। हमारे आंत के बैक्टीरिया का संतुलन कई चीजों से प्रभावित होता है। खराब डाइट जिसमें प्रोसेस्ड फूड, ज़्यादा चीनी और कम फाइबर हो, अच्छे बैक्टीरिया को नुकसान पहुंचाती है। एंटीबायोटिक्स भी अच्छे-बुरे दोनों बैक्टीरिया को खत्म कर देती हैं। इसके अलावा, लगातार तनाव और नींद की कमी भी आंत के



माइक्रोबायोम को नकारात्मक रूप से बदल सकती है। वहीं, आंत के बैक्टीरिया के लिए संतुलित आहार (फाइबर, फल, सब्जियां), प्रोबायोटिक्स (दही) वाले फूड्स बहुत फायदेमंद होते हैं। नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन भी आंत में बैक्टीरिया की विविधता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

#### स्वस्थ आंत के लिए अपनाएं ये आदतें

अपने दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए अपनी आंत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए अपनी डाइट में फर्मेंटेड फूड्स जैसे दही, छाछ, किमची, और सॉवरक्रॉट को शामिल करें। फाइबर से भरपूर फल, सब्जियां, दालें और साबुत अनाज का सेवन बढ़ाएं। प्रोसेस्ड फूड्स और चीनी का सेवन सीमित करें। नियमित रूप से व्यायाम करें, पर्याप्त नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग या ध्यान जैसी तकनीकों को अपनाएं।

### बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध बना दुनिया के लिए चुनौती

# बच्चों को बार-बार दे रहे हैं एंटीबायोटिक दवाएं तो जानलेवा समस्याएं बन जाएंगी बिन बुलाई मेहमान

दुनियाभर में बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए नई चुनौती बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित और गलत इस्तेमाल पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में सामान्य संक्रमणों का इलाज भी बेहद कठिन हो सकता है। कई अध्ययन इस बात को लेकर लगातार अलर्ट करते रहे हैं कि कभी भी खुद से या बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा नहीं लेनी चाहिए। जिस तरह से दुनियाभर में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की समस्या बढ़ती देखी जा रही है, ऐसे में ये सावधानी और भी जरूरी हो जाती है।


एक समय था जब एंटीबायोटिक दवाओं को चिकित्सा जगत का सबसे बड़ा हथियार माना जाता था, लेकिन आज वही चमत्कारी दवा दुनिया के सामने एक नई चुनौती बनकर खड़ी है। बार-बार एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल के कारण एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का खतरा बढ़ गया है। इससे बैक्टीरिया इतने मजबूत हो चुके हैं कि पहले जिन दवाओं से वे आसानी से खत्म हो जाते थे, अब उन पर उनका असर कम या बिल्कुल नहीं होता। हालिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य विशेषज्ञ बच्चों में बढ़ रहे एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की



समस्या को लेकर अलर्ट कर रहे हैं।

#### बच्चों में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का अलर्ट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लंबे समय से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को वैश्विक स्वास्थ्य संकट बता रहा है। बच्चों में बार-बार संक्रमण होना, हर बुखार में बिना जांच के एंटीबायोटिक शुरू कर देना, डॉक्टर की सलाह के बिना दवा खरीद लेना या दवा का पूरा कोर्स पूरा न करना, ये सभी आदतें बैक्टीरिया को और अधिक ताकतवर बना रही हैं। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में बच्चों में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ता प्रतिरोध



वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए नई चुनौती बन रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि एंटीबायोटिक दवाओं के अनियंत्रित और गलत इस्तेमाल पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में सामान्य संक्रमणों का इलाज भी बेहद कठिन हो सकता है। इसका सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ने की आशंका है, क्योंकि उनके लिए प्रभावी और सुरक्षित दवाओं के विकल्प पहले से ही सीमित हैं।

#### अध्ययन में क्या पता चला?

अमेरिकी जर्नल जामा पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित एक नए अध्ययन में बताया गया है कि बच्चों में संक्रमण फैलाने वाले दो प्रमुख बैक्टीरिया- ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया एसिनेटोबैक्टर बाउमानी और क्लेबसिएला तेजी से एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोध विकसित कर रहे हैं।

शोध के अनुसार एसिनेटोबैक्टर बाउमानी सबसे अधिक दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के रूप में सामने आया है। यह बैक्टीरिया अस्पतालों में भर्ती मरीजों में रक्त संक्रमण, निमोनिया और अन्य गंभीर संक्रमणों का कारण बनता है।

दूसरी ओर क्लेबसिएला बैक्टीरिया मूत्र मार्ग



संक्रमण, लिवर एब्सेस और कई अन्य गंभीर बीमारियों से जुड़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में क्लेबसिएला में एंटीबायोटिक प्रतिरोध की रफ्तार सबसे तेज देखी जा रही है।

#### क्यों बढ़ता जा रहा है खतरा?

अध्ययन में रॉयल चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल, यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न और ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो गंभीर संक्रमणों के उपचार के लिए उपलब्ध प्रभावी दवाएं लगातार कम होती जाएंगी। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में बढ़ते एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का सबसे बड़ा कारण एंटीबायोटिक का अनावश्यक और गलत इस्तेमाल है। कई बार वायरल संक्रमण जैसे सर्दी, जुकाम या फ्लूमें भी एंटीबायोटिक शुरू कर दी जाती है, जबकि इन बीमारियों पर इनका कोई असर नहीं होता।

## निशानेबाजी में छत्तीसगढ़ की महिलाओं का शानदार प्रदर्शन, प्रोफेसर राजश्री ने जीता गोल्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन की ओर से 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन माना शूटिंग रेंज में 11 से 21 जुलाई को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डायरेक्टर जनरल पुलिस अरुण देव गौतम ने विजेताओं कों पुरसस्कृत किया। 10 मीटर एवं 25 मीटर एयर पिस्टल, व्यक्तिगत स्पर्धा में डॉ कमलप्रीत सिंह (आई ए एस ), डॉ राजश्री गाईन (प्रोफेसर वेजिटेबल साइंस) ने महिला और पुरुष वर्ग की मास्टर्स कैटेगरी में गोल्ड जीता। वहीं 10 मीटर एयर पिस्टल में आर्या जायसवाल और वसुधा ने गोल्ड जीतकर अपनी जगह बनाई। 25 मीटर जूनियर कैटेगरी में आराध्या गुप्ता ने सोना जीता। 50 मीटर एयर पिस्टल में डॉ कमलप्रीत सिंह एवं जूनियर कैटेगरी में आरुष अखिलेश जॉय ने गोल्ड जीता। विमेन कैटेगरी में शक्ति चंद्रा ने सोना जीता। 10 मीटर एयर पिस्टल में जूनियर /यूथ कैटेगरी में सान्वी श्रीवास अवस्थी ने गोल्ड अपने नाम किया। 10 मीटर एयर राइफल में शिवा गुप्ता एवं सान्वी मारू ने गोल्ड जीता। वहीं 50 मीटर एयर राइफल में अदीब सिद्दीकी, सूरज पांडेय, ओम गुप्ता ने विभिन्न कैटेगरी में गोल्ड जीता तथा शिफा ख्वाजा एवं लेकिशा व्यास ने विमेन कैटेगरी में गोल्ड जीत कर अपनी जगह बनाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन के सचिव दुर्गेश ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु एवं पदक विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित की।






## बारिश के मौसम में फ्रिज में होने लगी है नमी, तो तुंरत करें ये उपाय



क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिन फ्रिज में नमी हो जाती है? यह कई कारणों से हो सकता है। चलिए इस लेख में हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जो हम अक्सर करते हैं और फिर फ्रिज नम रहता है। अगर फ्रिज में नमी दिखे, तो ये काम करें। मानसून में नमी और घर में सीलन की समस्या हर किसी को परेशान करती है। ये नमी न सिर्फ कपड़ों और दीवारों में, बल्कि हमारी किचन और खासतौर पर फ्रिज में भी असर दिखाने लगती है। कई बार देखा गया है कि बारिश के दिनों में फ्रिज खोलते ही उसमें से अजीब-सी गंध आती है, दरवाजों के किनारों पर पानी जमा हो जाता है और सब्जियों में भी नमी की वजह से फफूंद लग जाती है। इसका कारण मौसम में बढ़ी ह्यूमिडिटी और फ्रिज की सही देखभाल न करना है।

#### फ्रिज को बार-बार खोलने से बचें

यह तो हम सभी को पता है कि मानसून में वातावरण में नमी ज्यादा होती है। ऐसे में जब आप बार-बार फ्रिज खोलती हैं, तो बाहर की नमी फ्रिज के अंदर बैठने लगती है। इससे अंदर कंडेनसेशन होने लगता है और फ्रिज की दीवारों पर पानी की बूंदें जम जाती हैं। इससे जो भी चीजें आपने फ्रिज में रखी होती हैं, वे जल्दी खराब हो सकती हैं। कोशिश करें कि फ्रिज को बार-बार न खोलें और जो चाहिए वो एक बार में निकाल लें।

#### फ्रिज को जरूरत से ज्यादा न भरें

कई बार हम फ्रिज को जरूरत से ज्यादा भर देते हैं। सब्जियां, फल और अन्य खाने की चीजों को ठूसा जाता है। ऐसे में उसमें हवा का सर्कुलेशन रुक जाता है ।



## शादी से पहले जरूर कराने चाहिए ये मेडिकल टेस्ट, मजबूत रहेगा रिश्ता

एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए भावी दूल्हा-दुल्हन के बीच स्वास्थ्य पारदर्शिता और जागरूकता बेहद जरूरी है। कई बार कुछ छिपी हुई स्वास्थ्य समस्याएं भविष्य में रिश्ते में तनाव या गंभीर चुनौतियों का कारण बन सकती हैं। ऐसे में शादी से पहले कुछ जरूरी मेडिकल टेस्ट कराना एक समझदारी भरा कदम हो सकता है।

शादी दो लोगों और परिवारों को जोड़ने वाला एक पवित्र बंधन है, जिसकी नींव सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि स्वास्थ्य की सुरक्षा पर भी टिकी होती है। एक स्वस्थ और खुशहाल दाम्पत्य जीवन के लिए स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बेहद जरूरी है। इसी बीच ये भी खबर आ रही है कि मेघालय में शादी से पहले एचआईवी की जांच कराना अनिवार्य हो सकता है। बता दें कि ऐसा नियम गोवा में पहले से ही लागू है।

ऐसे में बहुत से लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर शादी से पहले दूल्हा-दुल्हन को किन-किन मेडिकल जांचों को करा लेना चाहिए। ये टेस्ट न केवल संभावित स्वास्थ्य समस्याओं को समय रहते उजागर करते हैं, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर तैयारी करने में भी मदद करते हैं। आइए ऐसे चार महत्वपूर्ण मेडिकल टेस्ट्स के बारे में जानते हैं, जो हर दूल्हा-दुल्हन को शादी से पहले जरूर कराने चाहिए।



#### एचआईवी टेस्ट

एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस) टेस्ट शादी से पहले कराए जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण टेस्ट्स में से एक है। यह टेस्ट यह सुनिश्चित करता है कि दोनों भागीदारों में से कोई भी इस वायरस से संक्रमित तो नहीं है।

#### क्यों जरूरी

एचआईवी एक यौन संचारित रोग है। यदि एक पार्टनर संक्रमित है, तो शादी के बाद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। समय रहते इसका पता चलने पर न केवल संक्रमण को दूसरे पार्टनर तक फैलने से रोका जा सकता है, बल्कि यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं, तो मां से बच्चे में संक्रमण के जोखिम को भी कम किया जा सकता है। प्रारंभिक पहचान से संक्रमित व्यक्ति को तुरंत एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे वे एक सामान्य और स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

#### इनफर्टिलिटी टेस्ट

इनफर्टिलिटी टेस्ट शादी से पहले भावी जोड़ों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है, खासकर यदि वे भविष्य में बच्चे पैदा करने की योजना बना रहे हैं। यह टेस्ट दोनों भागीदारों की प्रजनन क्षमता का आकलन करता है।

#### क्यों जरूरी-

इस टेस्ट से पुरुष में शुक्राणु की गुणवत्ता और संख्या या महिला में ओवुलेशन और प्रजनन अंगों से संबंधित संभावित समस्याओं का पता चल सकता है। यदि कोई समस्या पाई जाती है, तो दंपति को पहले से ही इस बारे में पता होगा और वे भावनात्मक, मानसिक और आर्थिक रूप से भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं। यह अनावश्यक तनाव और निराशा से बचने में मदद करता है जो बाद में संतान प्राप्ति में कठिनाई होने पर उत्पन्न हो सकती है। यह टेस्ट उन्हें प्रजनन विशेषज्ञों से परामर्श लेने और सही समय पर उपचार विकल्प तलाशने में सक्षम बनाता है।



कार्नर न्यूज

### जानें स्क्रीन एडिक्टेड होने के लक्षण और इससे बचाव के उपाय

# आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहा स्क्रीन एडिक्टेड लोगों की बढ़ती तादाद, इससे बचना भी आसान

स्क्रीन एडिक्शन एक बेहद आम समस्या जिससे बहुत से लोग परेशान हैं। ये आदत दिखने में एक सामान्य आदत लग सकता है, लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में कई चीजों को प्रभावित करता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में सब कुछ जानते हैं।

आज के दौर में स्मार्टफोन, टैबलेट, कंप्यूटर और टेलीविजन जैसे गैजेट्स हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुके हैं। काम से लेकर मनोरंजन तक, हर क्षेत्र में इनकी भूमिका बढ़ती जा रही है, खासकर कोरोना महामारी के बाद 'वर्क फ्रॉम होम' और 'ऑनलाइन लर्निंग' ने स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को और बढ़ा दिया है। हालांकि, इन गैजेट्स के कई फायदे हैं, लेकिन इनका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग धीरे-धीरे एक नई समस्या को जन्म दे रहा है जिसे 'स्क्रीन एडिक्शन' कहते हैं।

यह डिजिटल उपकरणों के उपयोग की एक लत है, जिसमें व्यक्ति नकारात्मक परिणामों के बावजूद स्क्रीन से दूर नहीं रह पाता। यह लत बच्चों, किशोरों और वयस्कों सहित हर आयु वर्ग को प्रभावित कर रही है। ध्यान देने वाली बात यह है कि बहुत से लोगों



को ये मालूम भी नहीं है कि वो स्क्रीन एडिक्टेड हैं। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि स्क्रीन एडिक्शन के लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए क्या उपाय अपनाए जा सकते हैं।

स्क्रीन एडिक्शन के लक्षणों को पहचानना पहला कदम है। ये लक्षण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से दिख सकते हैं। सबसे पहला व्यक्ति स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को कंट्रोल नहीं कर पाता और जब स्क्रीन उपलब्ध न हो तो बेचैनी या चिड़चिड़ापन महसूस करता है। दूसरा काम, पढ़ाई या घर के कामों की जगह स्क्रीन टाइम को प्राथमिकता देना शुरू कर देता है। तीसरा व्यक्ति असली दुनिया के बजाय डिजिटल बातचीत को पसंद करता है, जिससे परिवार और दोस्तों से दूरी बढ़ने लगती है। चौथा लगातार आंखों में खिंचाव, सिरदर्द, गर्दन या पीठ में दर्द और नींद में खलल (अनिद्रा) जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पांचवा स्क्रीन का इस्तेमाल न कर पाने पर चिंता, उदासी या खालीपन महसूस होना।

#### स्क्रीन एडिक्शन से होने वाले नुकसान

स्क्रीन एडिक्शन सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि यह कई गंभीर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है- लगातार एक ही जगह बैठे रहने से मोटापा बढ़ता है, और खराब पोस्चर से गर्दन व पीठ दर्द की समस्या होती है। आंखों की रोशनी प्रभावित होती है और 'कार्पल टनल सिंड्रोम' जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।



चिंता, अवसाद और आत्म-सम्मान में कमी (सोशल मीडिया पर तुलना के कारण) का जोखिम बढ़ जाता है। एकाग्रता की कमी और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। वास्तविक जीवन के रिश्ते कमजोर पड़ते हैं, संचार कौशल बिगड़ता है, और व्यक्ति अकेलापन महसूस कर सकता है। काम या पढ़ाई में प्रदर्शन में गिरावट आती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी नींद हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन में बाधा डालती है, जिससे नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

#### बचाव के उपाय

स्क्रीन एडिक्शन से बचने और स्वस्थ डिजिटल आदतें अपनाने के लिए कुछ प्रभावी उपाय हैं- समय सीमा निर्धारित करें स्क्रीन उपयोग के लिए विशिष्ट समय सीमा तय करें। भोजन के दौरान, सोने से पहले या परिवार के साथ समय बिताते समय गैजेट्स से दूर रहें। ऐप्स की मदद से भी उपयोग पर नज़र रख सकते हैं।

#### विकल्प तलाशें

अपनी रुचि के अनुसार अन्य गतिविधियों में शामिल हों जैसे किताबें पढ़ना, खेलकूद, कला, या प्रकृति में समय बिताना।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### लौट आया कैप्टन अमेरिका, रिलीज हुआ 'अवेंजर्स डूम्सडे' का ट्रेलर



एंथनी और जो रूसो के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवेंजर्स: डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें डॉक्टर डूम के खिलाफ सुपरहीरो की टीम को इकट्ठा करते हुए दिखाया गया है। डॉक्टर डूम से लड़ने के लिए क्रिस हेम्सवर्थ और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स व अन्य जगहों के कई सुपरहीरो वापस आए हैं। पहले ट्रेलर में पिछली मार्वल और एक्स-मेन फिल्मों के कई मशहूर किरदार दिखाई देते हैं। एवेंजर्स सीक्वल के पहले ट्रेलर में एक बड़ी टीम दिखाई गई है। ये लोग दुनिया को बचाने के लिए एकजुट हो रहे हैं। थोर (क्रिस हेम्सवर्थ) असल लीडर की भूमिका निभाते हैं। थोर चेतावनी देता है कि अगर वे अभी एक साथ नहीं खड़े हुए, तो उनकी पिछली कुर्बानियां बेकार चली जाएंगी। वह उनसे अपनी छोटी-मोटी लड़ाइयां भुलाकर लड़ने के लिए कहता है। दो मिनट 26 सेकंड का यह ट्रेलर एक जबरदस्त रीयूनियन के साथ खत्म होता है, जिसमें थोर का सामना अपने पुराने दोस्त स्टीव रोजर्स से होता है। थोर को 'डूम' का सामना करते हुए भी थोड़ी देर के लिए दिखाया गया है।

नया ट्रेलर दर्शकों को उस टीम की पहली झलक दिखाता है, जो डॉक्टर डूम के खिलाफ उतरेगी। नए फैंटास्टिक फोर से लेकर, पॉल रुड की एंट मैन, फ्लोरेंस पुघ की येलेना, द वकंदन्स और यहां तक कि मूल एक्स-मेन की वापसी तक, डूम्सडे की सुपरहीरो कास्ट काफी हिट है। यह फिल्म 18 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के लेखक माइकल वाल्ड्रॉन और स्टीफन मैकफीली हैं। डूम्सडे की कहानी सीक्रेट वॉर्स की अगली कड़ी में समाप्त होगी।

## टॉलीवुड

### 'टॉक्सिक' का दूसरा गाना 'मदहोश' रिलीज, यश -तारा की केमिस्ट्री दिखी



यश स्टारर अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' का नया गाना मंगलवार को रिलीज हुआ। गाने का टाइटल 'मदहोश' है और इसे आवाज दी है सिद्धार्थ बसरूर ने। वहीं गाने का म्यूजिक तनिष्क बागची, फहीम अब्दुल्ला और अरसलान निजामी ने दिया है। गीत लिखा है अरसलान निजामी और सैयद मुराद गिलानी ने। मंगलवार को रिलीज हुए इस गाने के वीडियो में यश और अभिनेत्री तारा सुतारिया के बीच की जबरदस्त कैमिस्ट्री देखने को मिली। बता दें यह फिल्म का दूसरा गाना है। इससे पहले यश और कियारा का गाना तबाही रिलीज हुआ था।

3 मिनट 14 सेकंड के इस वीडियो सॉन्ग में राया बने यश और रिबेका बनीं तारा के बीच का कनेक्शन पेश किया गया है। प्रपोज करने से लेकर, प्यार और फिर तकरार होने तक का सफर दिखाया गया है। इसके अलावा गाने में कियारा आडवाणी और नयनतारा की भी झलक मिली है।

यश, नयनतारा, कियारा, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म इस साल 26 अगस्त के दिन रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है। यह कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में शूट हुई है वहीं इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु और मलयालम समेत अन्य भाषाओं में डब किया गया है।

## भोजपुरी

### पवन संग बड़े पर्दे पर आग लगाएंगी शिव्या, हिंदी फिल्म से करेंगी डेब्यू



टीवी एक्ट्रेस शिव्या पठानिया अब जल्द ही बड़े पर्दे पर डेब्यू करने जा रही हैं। हालांकि खास बात है कि उनके साथ भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह स्क्रीन शेयर करेंगे। भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ काम करना कई कलाकारों का सपना होता है। फिल्मी दुनिया से लेकर पॉलिटिक्स तक, पवन सिंह ने अपनी एक खास पहचान बनाई है, जिसके दर्शक दीवाने हैं। इसी बीच उनसे जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि एक्ट्रेस शिव्या पठानिया जल्द ही पावर स्टार के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली है, जो उनके लिए बहुत खास होने वाला हैं।

बताया जा रहा है कि शिव्या पठानिया छोटे पर्दे के बाद अब बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं, जिसमें उनके साथ पवन सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। हालांकि ये फिल्म भोजपुरी में नहीं, बल्कि हिंदी में होने वाली है। इस फिल्म से पवन सिंह भी हिंदी सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे है, जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम नहीं है। जहां शिव्या पठानिया अपनी पहली फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं, वहीं पवन सिंह जैसे सुपरस्टार के साथ स्क्रीन शेयर करना उनकी खुशी को दोगुना कर रहा है। शिव्या ने फिल्म को लेकर बताया कि ये एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है, जिसमें बहुत खूबसूरत गाने भी हैं और पवन सिंह भी बहुत प्रोफेशनल हैं। वो सेट पर समय से पहुंच जाते है और अपने किरादर के लिए काफी मेहनत करते हैं। फिल्म की शूटिंग भोपाल और लखनऊ में हुई है, जहां इनकी फैन फॉलोइंग देख कर वो दंग रह गई थीं। नार्थ साइड में उनका स्टारडम देखने लायक है और लोग इनके लिए पागल हैं। बता दें कि फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन शुरू हो चुका है और इसका डबिंग पार्ट अभी बाकी है। बड़े पर्दे पर देखने के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा। लेकिन ये फिल्म जब भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सीनेटर का फैशन

लाइफ स्टाइल

संयुक्त राज्य अमेरिका में सीनेटर संसद के उच्च सदन के निर्वाचित सदस्य होते हैं जो कानून बनाने और नीतिगत फैसलों में भाग लेते हैं। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि सीनेटर को फैशन से कोई मतलब लेना-देना नहीं होता है। पिछले दिनों में अमेरिकी संसद के मध्य एक समारोह में सीनेटर जना स्टीवर्ट ने मशहूर डिजाइनर फर्म 'क्लोदिंग द गैप्स' की तैयार पोशाक में दिखी।



## उमस के दिनों में बढ़ जाती हैं स्किन से जुड़ी परेशानियां

जुलाई का महीना चल रहा है, जिसमें लगभग हर जगह ही खूब बारिश हो रही है। इस मौसम में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यदि ध्यान न रखा जाए तो दिक्कत काफी ज्यादा बढ़ जाती है। बहुत से लोगों को तो इस बारे में जानकारी ही नहीं रहती है।

उन्हें लगता है उमस के मौसम में भी वही स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जा सकते हैं, जो गर्मी के मौसम में उपयोग किए जाते हैं। जबकि ऐसा नहीं है। लोगों की इसी परेशानी को देखते हुए हम आपको बताएंगे कि उमसभरे इस मौसम में आपकी स्किन से संबंधी क्या दिक्कतें हो सकती हैं और इन दिक्कतों को कम करने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है।

### उमस में क्यों बढ़ती हैं स्किन प्रॉब्लम्स?

सबसे पहले जानते हैं कि उमस के मौसम में स्किन से संबंधी दिक्कतें इतनी क्यों बढ़ जाती हैं ? दरअसल, इसी मौसम में बहुत से लोगों की स्किन के पोर्स पूरी तरह से बंद हो जाते हैं। पोर्स के बंद होने पर स्किन में पसीना काफी ज्यादा आता है और स्किन काफी ऑयली हो



जाती है। इसके बाद धीरे-धीरे स्किन पर फंगल इंफेक्शन का खतरा बढ़ने लगता है, जिस कारण तमाम दिक्कतें सामने आने लगती हैं। इन दिक्कतों में सबसे अहम है चेहरे पर मुंहासों का होना, स्किन पर ऑयल का आना, एक्ने और पेग्मेंटेशन का होना। इस लेख में हम आपको इन दिक्कतों का हल भी बताएंगे।

सही फेस वॉश करें इस्तेमाल

यदि उमस के मौसम में आप सही फेसवॉश का इस्तेमाल करेंगे तो आपको काफी दिक्कतें होने वाली है। इसलिए हमेशा मौसम के हिसाब से फेस वॉश का इस्तेमाल करें, ताकि उमस के मौसम में भी आपकी स्किन खिली-खिली रहे। अगर इस मौसम में आपके फेसवॉश में नीम, टी ट्री ऑयल या सैलिसिलिक एसिड हो तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### टोनर है जरूरी

लोगों को लगता है कि बारिश के मौसम में स्किन को हाइड्रेट रखने की जरूरत नहीं है। जबकि ऐसा नहीं है। इस मौसम में भी त्वचा को नमी की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में दिन में दो बार टोनर का इस्तेमाल करें, और अपने चेहरे को दमकाएं।


### ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर आएगा काम

बहुत लोग सोचते हैं कि उमस के मौसम में उन्हें मॉइस्चराइजर नहीं चाहिए, लेकिन यह जरूरी है। हमेशा ध्यान रखिए कि बारिश और उमस के मौसम में जेल बेस्ड और वाटर बेस्ट मॉइश्चराइजर अवश्य करना चाहिए। ये आपके स्किन को मॉइश्चराइज करने में मदद करता है।

## सावन में दिखेंगी खूबसूरत, जब पहनेगी सिंपल ग्रीन कलर लहंगे



इस साल 30 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो रहा है। अगर आप भी सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। सावन के महीने में अधिकतर महिलाएं हरे रंग के कपड़े पहनना पसंद करती है। ऐसे में अगर आप भी सावन के आखरी सोमवार या सावन महीने के किसी भी दिन अपने लुक को खास और डिफरेंट बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट ग्रीन कलर के लहंगे डिजाइन बताएंगे, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं साथ ही सावन महीने को यादगार बना सकती हैं।



### ऑलिव ग्रीन और सिल्वर टोन्ड प्रिंटेड रेडी-टू-वियर लहंगा



अगर आप अपने ऑफिस में भीड़ से हटकर दिखना चाहती हैं और यूनिक लुक क्रिएट करना चाहती हैं, तो आप इस खूबसूरत ऑलिव ग्रीन और सिल्वर टोन्ड प्रिंटेड रेडी-टू-वियर लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे न सिर्फ आपको रॉयल लुक देंगे, बल्कि इसे पहनकर आप भीड़ से हटकर भी दिख सकती हैं। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### प्रिंटेड कॉटन लहंगा

यही नहीं आप चाहें, तो सावन के महीने में किसी भी दिन अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए इस खूबसूरत ग्रीन कलर प्रिंटेड कॉटन लहंगा को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे लहंगे आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको यूनिक लुक देने में मदद करेंगे। आप इस तरह के लहंगे को ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लाकर ऐसा बनवा भी सकती हैं।

## बारिश में पत्ते की तरह झड़ रहे हैं बाल तो करें ये उपाय

मॉनसून सीजन में स्किन के साथ बालों से जुड़ी समस्या होना भी आम बात है। बारिश के मौसम उमस और पसीने की वजह से बाल चिपचिप होने लगते हैं। ऐसे में बालों की जड़ें कमजोर होने लगती हैं और बाल बहुत ज्यादा टूटने लगते हैं। रोजाना पत्तों की तरह झड़ते बालों को देखकर हम परेशान होने लगते हैं। आपने अरंडी के तेल बारे में जरूर सुना होगा। यह बालों के लिए बेहद अच्छा होता है। यदि आपके भी बारिश में मौसम में बाल बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं और आप इन्हें रोकने के लिए हर तरह के उपाय करके थक चुकी हैं तो आपको कैस्टर आयल का एक आसान घरेलू उपाय जानना चाहिए।

हेयरफॉल रोकने के लिए कैस्टर ऑयल में क्या मिलाएं?

इसके लिए आपको एक कटोरी में कैस्टर आयल लेना है। अब आप एक प्याज छीलकर उसको मिक्सर जार में डालकर पीस लें। प्याज के पल्प को आपको एक कपड़े में डालकर उसका जूस निकाल लेना है। फिर आप मेथी दाना लेकर उसको थोड़ी देर पानी में भिगो दें।



अब मेथी के दाने मिक्सर जार में डालकर पीस लेने हैं। इसके बाद आप अरंडी का तेल में प्याज का रस और मेथी दाने का पेस्ट डालकर मिक्स करें। अब आप इस तेल को किसी बर्तन में डालकर गर्म करें और उसमें कुछ करी पत्ते भी डाल दें। तेल ठंडा हो जाने के बाद आपको इसे किसी बोतल में भर लेना है। इस तेल से आप हफ्ते में दो बार स्कैल्प में मालिश करें। उसके बाद रातभर लगा रहने दें और सुबह बालों को शैंपू से वॉश कर लें। इस प्रक्रिया को आप यदि लगातार दो तीन हफ्ते दोहराती हैं तो आपको कुछ ही दिन में बालों में हेयरफॉल की समस्या खत्म होती दिख जाएगी।

## झुमके के लेटेस्ट डिजाइंस में पाएं सिंपल लुक

अपने आउटफिट में ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। हर महिला को झुमके पसंद होते हैं और अपने आउटफिट में स्टाइलिश लुक पाने के लिए महिलाएं बेस्ट से बेस्ट झुमके का चुनाव करती हैं। वहीं, अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो, आप इस आर्टिकल में दिखाए गए झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इस झुमके में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा साथ ही, आपका लुक ब्यूटीफुल भी लगेगा।

### लेटेस्ट डिजाइंस

लेटेस्ट डिजाइंस के झुमके आपके आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते है और इस तरह के झुमके में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। यह झुमके आप ऑनलाइन या ऑफलाइन इन दोनों ही जगहों से सस्ते कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

### स्टोन वर्क झुमके

अगर आप डार्क कलर का आउटफिट स्टाइल कर रही हैं। तो, आप इस तरह के स्टोन वर्क झुमके का चुनाव कर सकती हैं।



इस झुमके में बेहद ही खूबसूरत स्टोन वर्क किया हुआ है साथ ही, इसमें बीड्स वर्क भी किया हुआ है। इस तरह के झुमके आप ऑनलाइन ले सकती हैं। वहीं ऑफलाइन भी आपको ये झुमके 200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगे।

### कुंदन वर्क झुमके

अगर आप लॉन्ग में कुछ पहनने का सोच रही हीं तो, आप इस तरह झुमके स्टाइल कर सकती हैं। इन झुमके में कुंदन वर्क किया किया है और साथ ही, ये लाइट कलर में है। इस तरह के झुमके आप लाइट और डार्क दोनों कलर के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस कुंदन वर्क झुमके को आप 300 रुपये की कीमत में बाजार या ऑनलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती है।

## कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में अक्सर हो जाती हैं गलतियां

## अक्सर इन वजहों से यंग बॉय करते हैं फैशन मिस्टेक, इन गलतियों को करने से ऐसे बचें

फैशन मिस्टेक ऐसे होती हैं जिनके बारे में हमें पता नहीं चल पाता। हां, जब किसी स्टाइलिश आदमी की नजर पड़ती है तो वह जान लेता है। इस कारण हम बेहतर कपड़े पहनकर भी परफेक्ट नहीं दिख पाते हैं। ऐसे में कपड़ों के ऊपर पैसे खर्च करने का क्या मतलब। कई लोग सोच रहे होंगे मेरी मर्जी मैं जैसे चाहूं वैसे कपड़े पहनूं, किसी का क्या जाता है। मगर ऐसा नहीं है। हर चीज को परफेक्ट बनाने के लिए कुछ रूल्स निर्धारित किए जाते हैं। हमें उन रूल्स को फॉलो करना होता है। उसी तरह फैशन रूल्स होते हैं जिनका पालना करना चाहिए।

इसलिए हम यहां पर लड़कों के स्टाइल मिस्टेक के बारे में बताने वाले हैं। चूंकि न केवल गलतियां बल्कि फैशन मिस्टेक के प्रमुख कारण से लेकर उन गलतियों को दूर करने के बारे में भी जानेंगे। तभी तो खुद को परफेक्ट लुक दे पाएंगे, वो भी बिना गलती किए। अगर आप फैशन मिस्टेक नहीं करना चाहते हैं तो चलिए बारी-बारी हम एक-एक कारण और समाधान को जान लेते हैं-



### देखादेखी न पहनें ड्रेस

हम जब किसी को ब्लाइंडली फॉलो करते हैं तो उसको समझने की भाषा में देखादेखी कहते हैं। अक्सर फैशन की दुनिया में देखादेखी करने वालों की संख्या बहुत अधिक है। कई लोग सेलिब्रिटी फैशन तो कई लोग अपने दोस्त या अन्य किसी को देखकर उनकी तरह दिखने का प्रयास करते हैं। हम यह नहीं कहते हैं कि किसी के फैशन से खुद को इंस्पायर न करें। आप बेहिचक रणवीर सिंह हो या अन्य एक्टर उनके लुक को देखें। लेकिन आपको ठीक वैसा ही दिखना यह जरूरी नहीं। उसके लिए आपको कुछ बातों की जानकारी होनी चाहिए-

**समाधान जानिए:** देखादेखी ड्रेस नहीं पहननी है इसलिए किसी फैशनेबल को देखना बंद न करें। आप उनको देखें। मगर आप ड्रेस अपने



बॉडी फिट और स्किन टोन का ध्यान रखकर कपड़ा खरीदें। अगर इन दो बातों का ध्यान रखेंगे तो इससे कपड़ा आपके शरीर पर जंचेगा।

### अंडरशर्ट को लेकर गलती

अंडरशर्ट को लेकर बहुत सारे लड़की गलती करते हैं। शायद ही ऐसा कोई लड़का हो जो इस बात को लेकर परेशान न हो। कई लोगों को अंडरशर्ट वाली पता चलती है मगर उनको सही जानकारी नहीं होने के कारण वे कुछ कर नहीं पाते। कई लोग जानबूझकर करते हैं। अब समझिए, अंदर पहनने वाली चीज बाहर दिखेगी तो कैसा लगेगा। हमारे हिसाब से अंदर की चीज अंदर ही रहनी चाहिए। इसलिए तो उसका नाम अंडरशर्ट दिया गया है। मगर कई लोगों का अंडरवियर जींस से बाहर निकल जाता है और गंजी-बनियान शर्ट से बाहर दिखते हैं।

**जानिए समाधान:** इसके लिए क्या करना होगा। यहां पर आप कुछ सिंपल फंडा समझ लें। पहली बात कभी भी टी-शर्ट के अंदर गंजी-बनियान न पहनें। अंडरवियर जितना भी महंगा हो लेकिन उसको बाहर न दिखाएं। इसके लिए अंडरशर्ट को लेकर विस्तार रूप से यहां पढ़ें। इससे आपको काफी मदद मिल जाएगी। दिखावा क्यों भाई, क्या जरूरर है दिखावा करने की। कपड़े शरीर को ढंकने और खुद को निखारने के लिए होते हैं।